● सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 158, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 18 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



सरकार के 100 दिन को लेकर मंत्रालयों को खास निर्देश 5

सूर्या हो सकते हैं टी-20 कप्तान 6

## हरियाणा में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण

### बिना ब्याज मिलेगा लोन, सीएम नायब सैनी ने किए ये बड़े एलान



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को एलान किया है कि अग्निवीरों को प्रदेश में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान सीएम सैनी ने अग्निवीरों के लिए कई बड़े एलान किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अग्निवीरों को प्रदेश में नौकरियों में भर्ती में छूट मिलेगी।

उन्होंने कहा कि लगभग दो साल पहले 14 जून 2022 को अग्निवीर योजना लागू की गई थी। इसके तहत चार वर्ष के लिए भारतीय सेना में तैनाती की जाती है। अग्निवीर योजना से स्किल्ड और एक्टिव युवा तैयार होता है। मुख्यमंत्री ने एलान किया कि अग्निवीरों को पुलिस कांस्टेबल, माइनिंग, गार्ड, जेल गार्ड और एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। ग्रुप सी में तीन वर्ष की आयु में छूट दी जाएगी। ग्रुप बी में पांच प्रतिशत ग्रुप ए में एक प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अग्निवीर सैनिकों को 500000 तक बिना ब्याज का लोन दिया जाएगा। सरकार अग्निवीर सैनिकों को यातायात दुर्घटना में घायल होने पर मुआवजा देगी। सड़क दुर्घटना में घायलों का पूरा खर्च भी सरकार उठाएगी। इसके लिए हर जिले में कमेटी का गठन किया गया है। अगर पीड़ित की मौत हो जाती है तो परिजनों को मुआवजा मिलेगा। इस खर्च का वहन हरियाणा रोड सेफ्टी फंड से किया जाएगा । इस स्कीम के तहत बीमाकृत तथा बीमा रहित वाहनों और टक्कर मारकर भागने वाले मोटर वाहन दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा सीएम सैनी ने कहा कि यदि कोई अग्निवीर अपना उद्यम स्थापित करेगा तो उसमे पांच लाख तक कोई ब्याज नहीं मिलेगा। अग्निवीरों को आर्म्ड लाइसेंस दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस ने अग्निवीर योजना को लेकर दुष्प्रचार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर प्रधानमंत्री की लोकहित योजना है। इसलिए कांग्रेस इसके बारे में लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है।

## गंभीरता के साथ हो राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिये 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान - 2.0 संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सहुलियत के लिये पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभियान्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाये।

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बताया कि अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत् जारी रहेगा। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा है कि राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नामांतरण के 75 हजार 964, बंटवारा के 9 हजार 897, अभिलेख दुरूस्ती के 9 हजार 889 और सीमांकन के 25 हजार 423 प्रकरण शामिल हैं?। इसके साथ ही 30 जून 2024 की स्थिति में एक करोड़ 95 लाख 45 हजार नक्शे पर तरमीम के लंबित मामलों को भी दर्ज किया जाएगा।

राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खीचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा।

## महाराष्ट्र में लाड़ला भाई योजना का एलान

### 12वीं पास छात्रों को हर महीने 6 हजार, ग्रेजुएट को 10 हजार देगी शिंदे सरकार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में लाड़ला भाई योजना लॉन्च करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में 12वीं पास छात्रों को हर महीने 6 हजार, डिप्लोमा धारकों को हर महीने 8 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं, ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों को 10 हजार रुपए मिलेंगे।

सीएम ने यह घोषणा पंढरपुर में की। सीएम ने कहा राज्य के युवा कारखानों में अप्रेंटिसशिप करेंगे, जिसके बदले उन्हें पैसे दिए जाएंगे। इस साल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हैं। इस महाराष्ट्र में इसी साल नवंबर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में बेरोजगारी के मुद्दे पर घिरी सरकार के लिए यह योजना गेम चेंजर साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने ऐसी योजना पेश की है। योजना से शिक्षा के दौरान युवाओं को जरूरी फाइनेंशियल हेल्प मिलेगी। साथ ही शिक्षा से जॉब की तरफ बढ़ने वाले युवाओं को बेहतर करियर चुनने में मदद करेगी। छात्र पढ़ाई और प्रोफेशनल डेवलपमेंट दोनों पर ध्यान दे सकेंगे। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में बेरोजगार युवाओं का मुद्दा उठाया था। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में मध्य प्रदेश की लाड़ली योजना के तरह बेरोजगार लड़कों के लिए योजना लागू की जानी चाहिए।

## केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब होने का आरोप

**नई दिल्ली।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी? अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने 15 जुलाई को केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब होने का आरोप लगाया था। इस पर श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सिर्फ सनसनी फैलाना चाहते हैं। सबूत हैं तो सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट जाएं। अजेंद्र अजय ने कहा- मैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का सम्मान करता हूं, लेकिन वे दिनभर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहते हैं। विवाद खड़ा करना, सनसनी फैलाना और चर्चाओं में बने रहना अविमुक्तेश्वरानंद की आदत है।

## निजी नौकरियों में 100 फीसदी आरक्षण देंगे: सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में प्राइवेट कंपनियों में ग्रुप सी और डी में स्थानीय लोगों को 100% आरक्षण देने का फैसला विवादों में घिर गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 16 जुलाई को इसकी घोषणा की थी। 24 घंटे के अंदर ही उन्होंने सोशल मीडिया पर 100% कोटा बिल को लेकर की गई पोस्ट हटा ली।

सीएम के पोस्ट डिलीट करने पर राज्य के लेबर मिनिस्टर संतोष लाड ने बुधवार को सफाई दी- कर्नाटक में प्राइवेट कंपनियों की नौकरियों में नॉन-मैनेजमेंट पोस्ट के लिए रिजर्वेशन 75% और मैनेजमेंट लेवल के स्टाफ के लिए 50% तक सीमित है।

दरअसल, सिद्धारमैया कैबिनेट ने इसके लिए नियम तैयार कर लिए हैं। कैबिनेट से बिल भी पास हो चुका है। इसे 18 जुलाई को विधानसभा में पेश किया जाएगा। हालांकि उससे पहले ही इस पर बड़ी इंडस्ट्रीज ने विरोध जताया है।

बिल के मुताबिक, योग्य स्थानीय कैंडिडेट उपलब्ध नहीं हैं तो कंपनियों को सरकार या उसकी एजेंसियों के सहयोग से 3 साल के अंदर उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। हालांकि इसमें एक शर्त ये भी जोड़ी गई है कि अगर योग्य कैंडिडेट नहीं मिल रहे हैं तो कंपनियां इस नियम के प्रावधानों में छूट के लिए सरकार से आवेदन कर सकती हैं।

सरकार की नोडल एजेंसी कंपनी में काम कर रहे कर्मचारियों के रिकॉर्ड्स की जांच कर सकेगी और स्टाफ के बारे में जानकारी हासिल कर सकेगी।

## मैं रोज घुसपैठियों से लड़ रहा हूं: हिमंत

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि राज्य में मुस्लिमों की आबादी 40 प्रतिशत हो गई है। राज्य में बदलते डेमोग्राफी पर उन्होंने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि तेजी से राज्य की डेमोग्राफी में बदलाव हो रहा है। 1951 में असम मुस्लिमों की आबादी केवल 14 प्रतिशत थी, जो कि बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह हमारे अस्तित्व के लिए बहुत बड़ा खतरा है। मेरे लिए राजनीतिक नहीं अस्तित्व का मुद्दा है। यह अब जीने और मरने का सवाल बन गया है।

## केजरीवाल की जमानत पर 29 जुलाई को फैसला



**दिल्ली।** शराब नीति केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को करीब ढाई घंटे तक चली चली बहस के बाद कोर्ट ने कहा- जमानत याचिका पर सुनवाई 29 जुलाई को करेंगे। सीबीआई द्वारा केजरीवाल को अरेस्ट करने के खिलाफ जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- अरविंद केजरीवाल जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं, आतंकवादी नहीं।

सिंघवी ने कोर्ट में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जिक्र किया। उन्होंने कहा- हाल ही में इमरान खान को रिहा किया गया था, लेकिन उन्हें दूसरे मामले में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। हमारे देश में ऐसा नहीं हो सकता। न्यूज वेबसाइट बार एंड बेंच के मुताबिक सीबीआई के वकील डीपी सिंह ने कहा- अगर केजरीवाल को जमानत मिली तो वह जांच प्रभावित कर सकते हैं।

## सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं: शुभेंदु



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार (17 जुलाई) को कहा, सबका साथ, सबका विकास, लेकिन अब हम यह नहीं कहेंगे। अब हम कहेंगे जो हमारे साथ, हम उनके साथ... सबका साथ, सबका विकास कहना बंद करो।

पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में शुभेंदु बोले, भाजपा को अल्पसंख्यक मोर्चा की भी जरूरत नहीं है। हम जीतेंगे, हम हिंदुओं को बचाएंगे और संविधान को बचाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था। हालांकि, कुछ घंटे बाद शुभेंदु ने अपने बयान पर सफाई दी। कहा, यह नारा प्रधानमंत्री ने दिया था और यह अभी भी कायम है।

भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर मैंने बहुत दुख के साथ अपनी बात रखी कि भाजपा की राज्य इकाई को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होना चाहिए, न कि उन लोगों के साथ जो भाजपा के साथ नहीं खड़े हैं। मैंने जो कहा- वो राजनीतिक बयान है और इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास नारे से कोई लेना-देना नहीं है।

जब मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाता हूं तो वहां विकास कार्यों से हिंदू और मुस्लिम दोनों को फायदा होता है। फिर भी हमें सुनने को मिलता है कि भाजपा एक हिंदू पार्टी है। हमें काले झंडे दिखाए जाते हैं और हमारी गाड़ियों पर पत्थर फेंके जाते हैं। हमने अब तक जो कुछ भी किया है। वह देश के हर नागरिक के लिए है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। मेरे बयान निजी हैं और इसका पार्टी की सोच से कोई लेना-देना नहीं है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा था। मैंने मिलन उत्सव में 700 लोगों के साथ ईद मनाई और भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली को एक भी वोट नहीं मिला। सांप्रदायिक मतदान ने भाजपा को बहुत प्रभावित किया। पॉलिटिकल एक्सपर्ट सुमन भट्टाचार्य ने कहा, बीजेपी को लोकसभा चुनाव में मुस्लिम और हिंदु महिलाओं का ज्यादा वोट नहीं मिला। झारग्राम और नंदीग्राम में 90 फीसदी महिलाओं ने टीएमसी को वोट दिया।

## सीएम योगी ने की राज्यपाल से मुलाकात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के निराशाजनक परिणाम आने के बाद से भाजपा में खींचतान मची हुई है। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल मुलाकात कर आगामी मानसून को लेकर चर्चा की। दरअसल, यह माना जा रहा है कि सरकार 29 जुलाई को मानसून सत्र बुलाकर कई जरूरी प्रस्तावों को पास कराएगी। ऐसे में यह माना जा रहा है कि सीएम योगी ने राज्यपाल को मानसून सत्र के लिए बुलावा दिया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमें केशव प्रसाद मौर्य ने यह कहकर सरकार पर हमला बोला कि सरकार से बड़ा संगठन होता है। उसके बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनके बयान का समर्थन किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से केशव प्रसाद मौर्य और उनके बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मुलाकात की। इस मुलाकात में सभी को साथ मिलकर सरकार व संगठन का काम करने की सलाह दी गई, लेकिन उसका कुछ फायदा होता नहीं दिख रहा है।

## 2 से 12 अगस्त तक होगी अग्निवीर भर्ती परीक्षा

**ग्वालियर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 2 अगस्त से 12 अगस्त के बीच होने जा रही शारीरिक प्रवीणता परीक्षा का शेड्यूल भारतीय सेना ने जारी कर दिया है। ग्वालियर के दिव्यांग खेल स्टेडियम में शारीरिक परीक्षा होगी। शारीरिक परीक्षा में ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, टीकमगढ़, छतरपुर, श्योपुर, सागर और निवाड़ी के अभ्यर्थी भाग लेंगे। भारतीय सेना में धार्मिक शिक्षक बनने के लिए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के जिन अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उनकी शारीरिक प्रवीणता परीक्षा भी ग्वालियर में ही होगी। शारीरिक भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को सबसे पहले 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। अभ्यर्थियों को सिंथेटिक ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा।

## एअर इंडिया ने 2200 भर्तियां निकाली, 25 हजार कैंडिडेट पहुंचे

**मुंबई।** मुंबई में मंगलवार (16 जुलाई) को एयरपोर्ट लोडर की 2,216 वैकेंसी पर 25 हजार से ज्यादा कैंडिडेट इंटरव्यू के लिए पहुंच गए। इससे मुंबई एयरपोर्ट पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। एअर इंडिया के कर्मचारियों को भीड़ को कंट्रोल करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

नौकरी के लिए पहुंचे कैंडिडेट्स की कई फोटो और वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें युवाओं की भारी भीड़ दिख रही है। फॉर्म काउंटर तक पहुंचने के लिए कैंडिडेट धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आवेदकों को बिना भोजन और पानी के घंटों इंतजार करना पड़ा। ऐसे में कई की तबीयत खराब होने लगी।

बुलढाणा जिले के प्रथमेश्वर ने बताया- मैं लोडर जॉब के लिए इंटरव्यू देने के लिए 400 किमी दूर से सफर करके यहां पहुंचा। मैं अप्रेंटिस पोस्ट के लिए अप्लाई करने आया हूं। इसके लिए 22,500 रुपए सैलरी है। प्रथमेश्वर ने आगे बताया कि वे बीबीए सेकेंड ईयर के स्टूडेंट हैं। अगर उनकी नौकरी लग जाती है तो वे पढ़ाई छोड़ देंगे। साथ ही उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। राजस्थान के अलवर से मुंबई आए एक अन्य कैंडिडेट ने बताया कि उसके पास एमकाम की डिग्री है। उन्होंने कहा, 'मैं गवर्नमेंट जॉब की तैयारी भी कर रहा हूं, किसी ने मुझे बताया कि यहां सैलरी अच्छी है तो मैं इंटरव्यू देने आया हूं

एयरपोर्ट में लोडर के पद पर भर्ती होने वाले कर्मचारियों प्लेन में सामान चढ़ाने, उतारने के साथ ही बैगेज बेल्ट और रैंप ट्रैक्टर चलाने का काम करते हैं।

## एमपी में इसरो के सहयोग से लगेंगे विज्ञान मेले



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न आयामों से अवगत कराने के लिए इसरो के सहयोग से अगस्त माह में प्रदेश को सभी संभागों में मेलों का आयोजन किया जाएगा यह आयोजन मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) द्वारा किया जाएगा। खास बात है कि इन मेलों में इसरो की स्पेस आन व्हील्स बसें भी मौजूद रहेंगी, जो इसरो की तकनीकी का प्रदर्शन करेंगी। अगस्त माह में आयोजित होने वाले ये मेले प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में आयोजन किया जा रहा है।

मैप कॉस्ट के वैज्ञानिकों का कहना है कि विज्ञान मेले जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देकर शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी का कहना है कि छात्रों को कक्षा से परे वैज्ञानिक अवधारणाओं का पता लगाने के अवसर प्रदान करते हैं, उन्हें प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और परिणामों का स्वतंत्र रूप से विश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अपनी परियोजनाओं की योजना बनाने, उन्हें क्रियान्वित करने और प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के माध्यम से छात्र अनुसंधान, संचार और समस्या-समाधान जैसे आवश्यक कौशल विकसित करते हैं।

विज्ञान मेले मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग व तकनीकी शिक्षा विभाग के सहयोग से विज्ञान मेलों को आयोजन माडल कालेज परिसरों में दो दिन किया जाएगा। राज्य सरकार की पहल पर ऐसे मेले पहली बार आयोजित किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों के साथ ही जनसामान्य के लिए भी उपयोगी होंगे। अंतरिक्ष विज्ञान पर केंद्रित गतिविधियां, संवाद सत्र और प्रतियोगिताएं इनमें होंगी। तिथि और स्थान का निर्धारण करने के लिए 18 अगस्त को बैठक होगी।

अगस्त माह में ही भोपाल में नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का आयोजन भी किया जाना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से केंद्र सरकार ने इसकी आगे तिथि आगे बढ़ा दी है। यह आयोजन अब नवंबर माह में आयोजित किया जाए। खास बात यह है कि यह आयोजन 12 साल बाद मप्र में हो रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सहयोग से कांग्रेस रवींद्र भवन में आयोजित होगी। दोनों आयोजनों के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

डॉ. कोठारी ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की ओर से नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। गत वर्ष यह आयोजन गांधी नगर, गुजरात में हुआ था। 12 साल बाद इसकी मेजबानी का अवसर मप्र को मिला है। पहले यह 28 से 31 अगस्त में होनी थी, लेकिन अब दीपावली के बाद होगी। नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में देश भर के 30 प्रदेशों से राज्य स्तर पर चयनित बच्चों के माडल प्रदर्शित किए जाएंगे। पूरे देश से आठ सौ बच्चे इसमें भाग लेंगे।

# कंप्यूटर कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को सशक्त बना रहा अदाणी फाउंडेशन

**सिंगरौली।** देवसर तहसील अन्तर्गत गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना के देवरा गांव में अदाणी फाउंडेशन स्थानीय युवा प्रतिभाओं को ऐसे कौशल के साथ तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है जो उन्हें विशिष्ट नौकरियों के लिए योग्य बनाता है। रोजगारोन्मुखी कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए प्रथम बैच में 22 युवाओं का चयन किया गया, जिन्हें अदाणी कौशल विकास के कुशल प्रशिक्षक के नेतृत्व में दो महीने की डेटा एंट्री ऑपरेटर की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी गयी। इस दौरान उन्हें माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड आदि जैसे डेटा एंट्री ऑपरेटर की मूल बातें सिखाई गयी। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को अदाणी कौशल विकास केंद्र की तरफ से प्रमाण पत्र, प्रशिक्षण बैग, टी-शर्ट एवं डायरी प्रदान किये गए।




मंगलवार को आयोजित समापन कार्यक्रम में उपस्थित देवरा पंचायत के सरपंच आशीष सिंह चंदेल ने अदाणी फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा इस क्षेत्र में अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मैंने गांव में इस तरह के व्यवस्थित प्रशिक्षण आयोजित करने की कभी कल्पना भी नहीं की थी। जबकि अदाणी ग्रुप की तरफ से गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना के साइट हेड कटला सुधीर ने अदाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास एवं ग्रामीण बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में लगातार किये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा स्वाभाविक रूप से कंप्यूटर का उपयोग करने में सक्षम होने से इन युवाओं को नौकरियों के लिए आवेदन करते समय एक अलग लाभ होगा।आज के प्रौद्योगिकी संचालित वातावरण में सफलता के लिए कंप्यूटर में दक्षता अति आवश्यक है। जबकि सुदूर गांवों में अधिकतर युवा कंप्यूटर का उपयोग करना नहीं जानते हैं। अदाणी फाउंडेशन ऐसे युवाओं को डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसी बुनियादी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रहा है। ऐसे प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की बहुत मांग है, जो उन्हें एक बहुत जरूरी आधार प्रदान करता है और भविष्य की सफलता के लिए तैयार करता है। कंप्यूटर प्रशिक्षण आम तौर पर वाणिज्यिक संस्थानों अथवा स्कूलों में उपलब्ध है, जिसकी कीमत कई स्थानीय जरूरतमंद युवाओं की पहुंच से बाहर है। उनके पास कंप्यूटर या कंप्यूटर प्रशिक्षण तक मुफ्त पहुंच नहीं है। अदाणी कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षक अर्पित द्विवेदी के मार्गदर्शन में नि:शुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से युवा योग्य बनेंगे और वे ऐसी नौकरियां प्राप्त करने में सक्षम होंगे, जिनके लिए वे पहले अयोग्य थे। अदाणी फाउंडेशन द्वारा इस क्षेत्र में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वरोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षण से सम्बन्धित कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर संस्था द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**सिंगरौली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पूरे देश में वृहद वृक्षारोपण देशवासियों से करने का अपील किया है कि एक पेड़ अपने मां के नाम अवश्य लगाए और उसकी सुरक्षा व्यवस्था करें उसी के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिंगरौली के जिला समन्वक राजकुमार विश्वकर्मा एवं चितरंगी विकासखंड समन्वय प्रभु दयाल दाहिया के निर्देशन में नवांकुर संस्था कालिका प्रसाद बैस सेवा समिति शिवपुरवा द्वारा सेक्टर घोघरा के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम किया गया जिसमें 50 पौधों को रोपित किया गया, यह पौधा फलदार और छायादार हैं इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद चितरंगी विकासखंड समन्वय प्रभु दयाल दाहिया, सेक्टर के प्रभारी एवं संस्था के अध्यक्ष उमाशंकर सिंह बैंस के साथ-साथ, ग्राम विकास प्रफुटन समितियां के अध्यक्ष एवं सचिव, सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्रा उपस्थित होकर इस अभियान में सहभागी बने और वृक्षारोपण कार्यक्रम को संपन्न कराए साथ ही साथ मौके पर सभी को वृक्षों को सुरक्षित रख रखाव एवं जल देने को लेकर सभी को संकल्प दिलाया गया।

# जिले के कृषक उठाए राजस्व महाअभियान का लाभ : चन्द्रशेखर

**सिंगरौली।** जिला कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने जिले के कृषकों से राजस्व महा-अभियान का लाभ उठाने की अपील की । राज्य शासन (राज़स्व विभाग) मप्र द्वारा राजस्व महा-अभियान (2.0) दिनांक 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 के मध्य आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें राजस्व प्रकरणों एवं राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों का त्वरित निराकरण किया जाना है । इस अभियान के तहत राजस्व न्यायालयों में लंबित एवं समय-सीमा पार कर चुके नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का निराकरण एवं नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस में दर्ज कराना एवं पूर्व पारित आदेशों का खसरे व नक्शे में अमल कराया जाना शामिल है। अभियान अंतर्गत नक्शा तर्मीम, समग्र का आधार से ईकेवाईसी तथा समग्र की खसरे से लिंकिंग की जाना भी शामिल है । साथ ही पीएम किसान में छूटे हुए कृषकों की ईकेवाईसी एवं उनके खाते में डीबीटी एवं स्वामित्व



योजना में सैचुरेशन की कार्यवाही के साथ-साथ फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही भी की जानी है। % उक्त राजस्व महा-अभियान (2.0) के अंतर्गत सभी भूमि स्वामियों / कृषकों से यह अपील है कि राजस्व संबंधी किसी भी प्रकरण अथवा त्रुटि को तत्काल पटवारी एवं राजस्व अधिकारियों के संज्ञान में लाये। साथ ही पंचायत / ग्रांम स्तर पर समग्र से आधार की ईकेवाईसी एवं नक्शा तर्मीम हेतु कैंप का आयोजन अभियान अवधि में किया जाना है, जिसमें सभी भूमि स्वामी/कृषक अपने-अपने समग्र की आधार से ईकेवाईसी करा सकते है । साथ ही जिनकी पीएम किसान में ईकेवाईसी एवं खाते में डीबीटी नही है वह भी पंचायत एवं ग्राम स्तर पर सीएससी केंन्द्र के माध्यम से उक्त कार्यवाही करा सकते है । अभियान अवधि में जिला स्तर से भी जिला कलेक्टर/अपर कलेक्टर एवं अनुभाग में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा भ्रमण कर तहसील न्यायालयों एवं पटवारी बस्तों का सतत निरीक्षण किया जायेगा । अभियान का प्रचार- प्रसार जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर फलेक्स बैनर लगाकर एवं दीवार लेखन कर किया जा रहा है । इस संबंध में समस्त जनप्रतिनिधियों को कलेक्टर द्वारा पत्र के माध्यम से राजस्व महा-अभियान (2.0) की रूपरेखा से अवगत कराया गया है । एवं अपेक्षा की गई है कि अभियान के दौरान संबंधित तहसीलों/पटवारी हल्कों में अपनी उपस्थिति देकर अभियान को सफल बनाये । इस अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही अभियान में निम्न प्रदर्शन वाले पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारियों को दण्डित भी किया जाएगा ।

# स्व सहायता समूह के रसोइया बहनों से छिना गया रोजगार, हटाने पर किया हड़ताल



**सिंगरौली।** महिला एवं बाल विकास म.प्र. द्वारा जारी आंगनवाड़ी केन्द्र में सहायिकाओं के माध्यम से नाश्ता एवं गर्म पका भोजन प्रदान करने हेतु आदेश जारी किया गया है। जिसमें स्व सहायता समूह के रसोइया बहनों के द्वारा खाना बनाया जा रहा था लेकिन अब स्व सहायता समूह के रसोइया बहनों को अब हटा दिया गया हैं,जिसे लेकर स्व सहायता समूह महासंघ स्व सहायता समूहों एवं रसोइया बहने जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन की द्य वही स्व सहायता समूह महासंघ का कहना है की अगर आदेश वापस नहीं लिया गया तो हजारों संख्या में स्व सहायता समूहों एवं रसोइया बहने रोड पर आकर विरोध प्रदर्शन करेंगी और 16 जुलाई से आंगनवाड़ी केन्द्रों व स्कूल शालाओं में भोजन नहीं बनाया जायेगा। अगर शासन की मनमानी रही तो अगला कदम जलसत्याग्रह के लिए रहेगा। अगर हड़ताल के बीच में प्रदेश के किसी भी स्व सहायता समूह या रसोइया को हटाया गया तो जिलों के हाईवे जाम किया जायेगा।

# झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने कोयला मंत्री को सौंपा मांग पत्र

सिंगरौली

सिंगरौली दौरे पर पधारे केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे को विभिन्न विषयों को लेकर जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के दिशा निर्देश के अनुसार झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील सिंह गहरवार की ओर से मांग पत्र सोपा गया द्य जिसमें मुख्य रूप से सिंगरौली क्षेत्र में ज्यादातर केंद्र सरकार के अधीन आने वाली कंपनियों के एवं संविदा कंपनियों के कर्मचारियों के हित में केंद्रीय श्रम कार्यालय की एक शाखा खोलने की मांग की गई है जिससे कि मजदूरों को न्याय



मिल सके द्य ठीक इसी प्रकार राष्ट्रपति महोदया के द्वारा गोद ली गई आदिवासी जनजाति बैगा के उत्थान के संदर्भ में भी मांग की गई है क्योंकि एन सी एल के द्वारा प्रभावित बैगा समाज अभी भी उपेक्षा का शिकार है जो विकास एनसीएल के सीएसआर फंड से उनका होना चाहिए वह अभी भी आधा अधूरा है बैगा समाज के जैसी और अन्य जनजातीय भी हैं जो एनसीएल से विस्थापित हैं उनके स्वास्थ्य रोजगार शिक्षा के संदर्भ में भी मांग की गई। मांगपत्र में उल्लेख किया गया है कि एनसीएल को मंत्री जी के द्वारा दिशा निर्देशित किया जाए कि बैगा समाज की उन्नति की ओर एनसीएल अपना हाथ आगे बढ़ाएं।

मांग पत्र में एनसीएल खदानों से बहाने वाले गंदे नालों के पानी से ज्यादातर मजदूर गरीब आदिवासी एवं झोपड़पट्टी में निवासरत लोग प्रभावित हैं एनजीटी के नियमों का पालन नहीं हो रहा है द्य मांग पत्र में अंतिम कड़ी के रूप में एनसीएल खदानों में में कार्यरत समस्त ओबी कंपनियों में बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायत आ रही है इसकी निष्पक्ष जांच कराकर विस्थापित एवं स्थानीय नौजवानों को रोजगार दिया जाए कंपनियां कुछ एक लोगों की गुलामी में व्यस्त ना रहे तथा कंपनी के द्वारा सदैव संवाद का मार्ग प्रशस्त हो द्य केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री द्वारा पत्र को पढ़ने के उपरांत यह आश्वासन दिया गया की निश्चित रूप से आपके मांग पत्र के सुझावों पर हम विचार करेंगे।

# ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल का एक प्रयास

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य समुदायों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और छात्रों को बेहतर शैक्षिक संसाधन प्रदान करना है। इसी श्रृंखला में, आज 15 जुलाई 2024 को बलीयारी के सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए गए। सुहासिनी संघ की अध्यक्ष श्रीमती ई सरोजा फणी



कुमार ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, साथ ही गणमान्य व्यक्तियों में श्रीमती सरिका चतुर्वेदी, श्रीमती शिल्पा कोहली, श्रीमती मुस्कान अरोड़ा और सुहासिनी संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे। महताब आलम, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर/आर एंड आर), निखिल जायसवाल, कार्यकारी (सीएसआर) और उनकी टीम के साथ स्कूल के शिक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्रदान करना और उनके अध्ययन के प्रति उत्साह और प्रेरणा को बढ़ाना था। एनटीपीसी-विंध्याचल के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर बताया कि वे शिक्षा क्षेत्र को सुधारने और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक संसाधन प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है, और वे इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे। ऐसी गतिविधियाँ न केवल बच्चों को भौतिक संसाधन प्रदान करती हैं बल्कि उनकी आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को भी विकसित करती हैं। एनटीपीसी-विंध्याचल के प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं, और यह निश्चित रूप से इस क्षेत्र के बच्चों को लाभान्वित करेगा।

## बाल भवन में मनाई गई खुशियों की त्रैमासिक जन्मदिन

**सिंगरौली।** बाल भवन एनटीपीसी विंध्याचल के महिला क्लब, सुहासिनी संघ के तत्वावधान में संचालित होता है। वे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हैं, त्योहारों का उत्सव मनाते हैं और हमारे टाउनशिप के बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं इस बार उन्होंने हमारे बच्चों के लिए बहुप्रतीक्षित गतिविधि, त्रैमासिक जन्मदिन की धूमधाम का आयोजन किया, जिससे यह स्थान खुशी और उत्सव का केंद्र बन गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल का शिक्षा संवर्धन अभियान : कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणी कुमार द्वारा सुहासिनी शिशु विध्या मंदिर में कम्प्युटर लैब का उद्घाटन किया गया। सुहासिनी शिशु विध्या मंदिर प्रगति संस्थान द्वारा संचालित है। इस कार्यक्रम में ई. सत्य फणी कुमार, कार्यकारी निदेशक के साथ डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा); सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (हरित रसायन); अतुल मार्खेड़कर, प्रमुख (टीएडी); राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख; दिनेश चंद्र गुप्ता, ए जी एम(आईटी); प्रणव वर्मा,



उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन); महताब आलम, वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर/आर एंड आर); निखिल जायसवाल, कार्यकारी (सीएसआर) समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों और स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति थी। यह कार्यक्रम प्रगति संस्थान के सचिव तनुज कुमार द्वारा संयोजित किया गया था। सीएसआर के माध्यम से इस कार्यक्रम में एक नया कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया, साथ ही छात्रों को स्कूल बैग, यूनिफॉर्म, और स्टेशनरी भी वितरित की गई। उद्घाटन के बाद, स्कूल के परिसर में एक पौधारोपण अभियान भी आयोजित किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करना और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और समृद्धि में जागरूक करना था।

# घर से गायब नाबालिका को गोरबी पुलिस ने किया दस्तयाब, बाल कल्याण को सौंपा

सिंगरौली

बीते गुरुवार शाम गोरबी चौकी क्षेत्र के ग्राम बरमानी से अपने घर से लापता हुई नाबालिका को गोरबी पुलिस ने अंततः बरामद कर लिया। गौरतलब है कि सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा गुम इंसान को अति शीघ्र दस्तयाब करने के दिशा निर्देश मिले थे। इसी परिपेक्ष में गोरबी पुलिस ने चौकी क्षेत्र के ग्राम बरमानी से लापता एक नाबालिका को गोरबी बाजार से दस्तयाब कर बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया गया है।बताया जाता है कि यह मामला मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी चौकी अंतर्गत ग्राम बरमानी निवासी का है, जिसकी 17 वर्षीय नाबालिक बेटी 11 जुलाई की शाम घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों ने उसके गायब होने पर रिस्तेदारों समेत आसपास उसकी तलाश की परंतु नहीं पता चलने पर वह शिकायत लेकर चौकी जा पहुंचे। यहां उन्होंने गांव के ही एक लड़के पर अपनी लड़की को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप भी लगाया। किसी अनहोनी घटना से आशंकित उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। जिसके बाद एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के सतत निगरानी में उन्होंने अपराध क्रमांक 555/24 137(2) बीएनएस कायम कर एक टीम गठित कर नाबालिका की तलाश शुरू कर दी और अंततः गुम बालिका को गोरबी बाजार से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक, सहायक उपनिरीक्षक राजेश द्विवेदी, प्रधान आरक्षक राजकुमार तिवारी, उमाशंकर सिंह, महिला आरक्षक ज्योति तिवारी समेत साइबर सेल विभाग से सोबाल वर्मा एवं नंदकिशोर की अहम भूमिका रही।

## गोपद नदी पर हुआ सड़क हादसा,सीधी से सिंगरौली आ रही बस और ट्रेलर मे हुई टक्कर



**सिंगरौली।** जिले में सड़क दुर्घटना का नाम नहीं ले रहा है, जिले में रोजाना सड़क दुर्घटना से लोगों की जाने जा रही है, वहीं बुधवार दोपहर 12ः00 के आसपास गोपद नदी पर सीधी से सिंगरौली आ रही बस और ट्रेलर मे टक्कर हो गई.बुधवार दोपहर 12ः00 बजे के आसपास गोपद नदी पर सीधी से सिंगरौली आ रही स के ट्रेवल्स की बस और ट्रेलर मे भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं, यह हादसा गोपद नदी के पुराने पुल पर हुई हैं, जगह कम होने की वजह से सवारी बस पल से उतरते -उतरते बचा हैं। मिली जानकारी के मुताबिक सीधी से सिंगरौली आ रही स के ट्रेवल्स की बस और ट्रेलर मे टक्कर हो गई वही इस हादसे से में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं. वही किसी हताहत की खबर नहीं है. लेकिन टक्कर इतना जोरदार था कि सवारी बस पुल से नीचे उतरते उतरते बचा है।

# प्रयागराज-सिंगरौली हाइवे में हुए बेजा निर्माण पर नाराज हुए सीएम

### वीसी में कलेक्टर से रबरू हुए सीएम, सिंगरौली प्रयागराज नेशनल हाईवे मुआवजे के लिए बने घर को लेकर जाहिर की नाराजगी

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश शहर की महत्वाकांक्षी योजना राजस्व महा अभियान की तैयारी की समीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर से सीधी बात कर रहे थे। इसी दौरान सिंगरौली कलेक्टर से प्रस्तावित प्रयागराज सिंगरौली हाइवे के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन में बेजा मकानों का निर्माण होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने प्रस्तावित प्रयागराज-सिंगरौली हाइवे पर मुआवजे के लिए बनाए गए अवैध मकानों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर को निर्देश दिए कि निर्धारित समय के बाद जो मकान बनाए गए हैं, उनको तोड़ने का काम शुरु किया जाए।

बता दें कि मुआवजे की लालच में सिंगरौली-प्रयागराज प्रस्तावित हाइवे में करीब 2 महीने में 2000 से ज्यादा मकान का निर्माण हो गया है। मुआवजा के लालच में बनाए गए इन घरों को लेकर मीडिया ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया तो जिला प्रशासन सहित मुआवजा मफिया के कान खड़े हो गए। इन अवैध मकानों से राज्य और केंद्र सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कलेक्टर को सख्त निर्देश दिया है कि जो भी निर्धारित समय के बाद मकान बनाए गए हैं उन्हें जमीदोज किया जाए। खबर प्रकाशित होने के बाद सीएम ने संज्ञान लिया और संभागायुक्त रीवा के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित कर पूरे मामले की जांच करायी थी। हालांकि जांच रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

### अधिकारियों की लापरवाही से बने मकान

प्रस्तावित प्रयागराज हाइवे की जमीन पर जो मुआवजा के लालच में मकान बनाए गए हैं, उसके पीछे जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। मुआवजे के लालच में कई अधिकारियों नेताओं और मुआवजा माफिया का पैसा लगा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि 2000 मकानों में से 1600 मकान बाहरी लोगों के बनाए गए हैं।

### रिश्वत लेते पकड़े गए कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

भू अर्जन के काम में लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चितरंगी तहसील में पदस्थ जिन कर्मचारियों को लोकायुक्त ने रिश्वत लेते पकड़ा था, उन्ही कर्मचारियों को भू-अर्जन के काम में लगाया गया था। वही जिस लिपिक ने ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन के मुआवजे में जमकर भ्रष्टाचार किया था उसी लिपिक को देवसर से हटाकर दुधमनिया तहसील में पदस्थ कर दिया गया। जबकि अधिकारियों को बखूबी जानकारी थी कि दुधमनिया में हाइवे निर्माण के लिए भू-अर्जन किया जाना है।

# पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करें : पाठक

## विकास एवं निर्माण कार्यों की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**सीधी।** विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता में विकास एवं निर्माण कार्यों की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शी एवं निष्पक्ष क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन द्वारा गरीब एवं वंचित वर्गों के विकास के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए जिससे पात्र हितग्राहियों को सहजता से योजनाओं का लाभ मिले सके।

विधायक ने रीवा सीधी सिंगरौली रेल लाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि गोपद बनास अंतर्गत 18 गांव का अवार्ड पारित किया गया है। शेष लंबित प्रकरणों की कार्यवाही 15 दिवस के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह अति गंभीर मुद्दा है जिसके कारण रेलवे का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। डबल्यूआरडी द्वारा किसानों के खेतों में नहर का उत्खनन किया जा रहा है कि मुआवजे की राशि प्रदाय नहीं की गई इसको तत्काल विभाग एसडीएम से संपर्क कर निराकरण करें। जल जीवन मिशन अंतर्गत हो रहे कार्य में कुछ गांव में जहां विभाग द्वारा एनओसी नहीं ली गई और कार्य किया जा रहा है बिना एनओसी लिए कार्य न करें कार्य के पश्चात टूटी हुई सड़कों को तत्काल बनवा दें। जिससे किसी भी प्रकार की घटना ना हो, योजना अपने निर्धारित समय में पूर्ण हो यह विभाग और एजेंसी सुनिश्चित कर लें। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि की किस्त समय से पहुंच जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य हितग्राहियों का भी समय से आवास बन जाए छूटे हुए हितग्राहियों को चिन्हित कर आवेदन करना सुनिश्चित करें। जिले में लाडली लक्ष्मी आवास योजना अंतर्गत आए आवेदनों का सत्यापन कर ले। संबल योजना के हितग्राही को लाभ समय से मिल जाए उन्हें अनावश्यक इधर-उधर भटकना न पड़े। शून्य शक्ति अभियान में बीपीएल और डबल आईडी तथा जो कम उम्र के हितग्राही का आवेदन किया गया है उसे चिन्हित कर लाभ दे।



विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी में स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित गौशाला में गौ वंशों को व्यवस्थित करें प्राय: सड़कों पर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। गौशालाओं का भौतिक सत्यापन करें कितनी गौशालाएं संचालित हैं। सीधी विधायक ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान संचालित है जिसमें पौधों को सिर्फ लगाने नहीं बल्कि उसका उचित देखभाल किया जा सके यह सुनिश्चित करें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय का संचालन आमजन के सहयोग तथा जन भागीदारी से करें। ग्राम पंचायत में हैंडपंपों के पास सूखता एवं कचरा घर बने तो हैं लेकिन उसके व्यवस्थित रखरखाव न होने के कारण सुचारू रूप से संचालित करना सुनिश्चित करें। विधायक ने कहा कि स्कूल में बच्चे समय से पहुंचे और उन्हें पठन-पाठन की सामग्री मिल जाए। साथ ही बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक आहार मिले यह सुनिश्चित करें। स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर जोड़कर रोजगार मुहैया कराए जिससे महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हो सके। गौ अभ्यारण के लिए भूमि चिन्हित करें। अवैध रेत माफियाओं को रोकने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध कालोनियों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है जिससे चिन्हित कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। साथ ही जमीनों का क्रय एवं विक्रय का मामला अवैध रूप से संचालित है उस पर रोक लगाए। लॉ कॉलेज एवं मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन चिन्हित कर कार्य प्रारंभ करें। सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो यह सुनिश्चित करें। ट्रांसफार्मर समय से बदले जाएं नवीन विद्युतीकरण, खराब केवल के कारण वोल्टेज समस्या का निराकरण करें। जिससे विद्युत आपूर्ति के कारण किसानों तथा सामान्य जन को समस्या का सामना न करना पड़े। छोटी बस्ती एवं आबादी वाले इलाकों में विद्युत कनेक्शन करें। जहां विद्युत कनेक्शन संभावना हो पा रहा हो वहां सोलर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को समय से लाभ मिले। डॉक्टर तथा स्टाफ नर्स अपने ड्यूटी जिम्मेदारी से निर्वहन करें जिससे लोगों को आसानी से उपचार मिल सके। लोगों को समय से एंबुलेंस एवं शव वाहन उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। जिला अस्पताल के नए भवन का निर्माण हो चुका है उसे व्यवस्थित ढंग से संचालित करें जिससे आसानी से लोगों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिले। विधायक ने कहा कि राजस्व महा अभियान में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों का निराकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करें जिससे जमीन संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिल सके। पीएम किसान एवं सीएम किसान योजनाओं के पात्र हितग्राही को चिन्हित करें। यह सुनिश्चित करें कि पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरित हो गया है जिन्हें भूमि आवंटित नहीं हुई उसमें कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। नगर पालिका क्षेत्र से सटे हुए ग्राम पंचायत में आदर्श कॉलोनी के साथ कई अन्य कॉलोनी बनाई गई हैं जिसमें सड़क बिजली नाली की व्यवस्था कराई जाए। उद्योग विभाग द्वारा प्रदान की जा रही व्यावसायिक लोन के माध्यम से लोगों को स्वरोजगार स्वीकृत करे। जिले में खाद्य वितरण की स्थिति की जांच कर ले प्राय: ऐसा देखते हैं कि पात्र हितग्राहियों को खाद्य नहीं मिले पा रहा है। उद्यान विभाग जिले में बेहतर ढंग से पौधारोपण का कार्य करें।

विधायक ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य संवाद स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को दूर करना है, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। विधायक सीधी ने कहा कि अधिकारी पूरी निष्पक्षता से संवैधानिक व्यवस्था और नियमों के अनुरूप ही कार्य करें। अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी संजीदगी से करें।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, एसडीएम गोपद बनास नीलेश शर्मा, डीएसपी गायत्री तिवारी, सीईओ जनपद सीधी अशोक तिवारी, सिहावल शैलेश पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलयुगी पिता को मोरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** रिश्तों को शर्मसार कर अपनी बेटी के साथ दरिंदगी करने वाले कलयुगी पुत्र को मोरवा पुलिस ने मंगलवार शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इसके बाद कल उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। जानकारी अनुसार अपनी 12 वर्षीय नाबालिका पुत्री से दुराचारी को अंजाम देने वाले सौतेले पिता मोहम्मद आलम खान निवासी आदर्श गंगा स्कूल के समीप मढौली को मोरवा पुलिस ने मंगलवार शाम रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि कल उसकी 12 वर्षीय नाबालिक बेटी ने अपनी मां के साथ आकर थाने में अपने पिता के विरुद्ध तहरीर दर्ज कराई थी की उसके पिता ने देर रात उससे दुष्कर्म किया है, वहीं किसी को कुछ बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। इस मामले में सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश एवं एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा आरोपी पिता के विरुद्ध बीएनएस 2023 की धारा 65(2), 351(3) एवं पोस्को एक्ट की धारा 5, 6 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर टीम गठित कर आरोपी पिता की तलाश की जा रही थी। आरोपी की खोजबिन में लगी टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि वह देर शाम रेल मार्ग से फरार होने की फिराक में है।

## इंद्रवती नाट्य समिति और यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ दो दिवसीय बाल नाट्य महोत्सव

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए रंगमंच है जरूरी : इंजी. आर बी सिंह



**सीधी।** बाल नाट्य महोत्सव के द्वितीय दिवस इन्द्रवती नाट्य समिति के संरक्षक इंजी. आर.बी. सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, उसके पश्चात् बाल कलाकारों द्वारा नाटक 'नमस्कार जी नमस्कार' की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जो समाज के हर तबके के बच्चों के अधिकारों की बात करती नज़र आई। नाटक की प्रस्तुति देखकर हर दर्शक आँखों से आँसू पोंछते दिखा जो बताता है की नाटक दर्शकों के दिल को छू गया। इन्होंने किया नाटक में अभिनय रिया मिश्रा दिव्यन्श पांडे, स्नेहा सिंह, शिव सिंह, यशी सिंह, रिचा मिश्रा, समर्थ पांडे, आदित्य जैसवाल, नैतिक मिश्रा, अथर्व सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, आयुष तिवारी, सुयश धर द्विवेदी, अभिराज द्विवेदी, ऋषभ तिवारी, देव हर्षित सिंह चौहान, आर्यन डहेरिया, शुभ जयसवाल, आर्यन सिंह, शिवांगी चतुर्वेदी, अमृता लक्ष्मी, आरध्या सिंह, आकांक्षा माझी ,श्रेयांशी शुक्ला, कंचन साहू , लक्ष्य गुप्ता, आकांक्षा साहू , अदिति पांडे, आर्या गुप्ता, पीयूष सिंह बघेल, अभिनय कुन्देर, प्रथम पांडे, अनुभूति कुन्देर, सारिका निगम, सूरज साहू, देवश्य सिंह, कान्हा मिश्रा, हरिद्यांश गुप्ता, अमर विश्वकर्मा, स्मलेश पांडे, श्रेस्ठ बघेल, उत्कर्ष मिश्रा, अमरीश विश्वकर्मा, अतुल्य सिंह, पलक पांडे।

मंच परे इनकी रही प्रमुख भूमिका- लेखन ज्योति परिहार व निर्देशन विनोद राय ने किया तथा सहायक निर्देशन संटू गुप्ता एवं सैंटी विश्वकर्मा ने किया।

प्रकाश परिकल्पना रजनीश जायसवाल, संगीत संचालन प्रजीत साकेत,प्रस्तुति प्रबंधन रुचि सिंह बघेल, प्रस्तुति सहयोग निर्भय द्विवेदी व काजल पाण्डेय ने किया।

नाटक के समापन के पश्चात मुख्य अतिथि इंजी. आर.बी. सिंह ने बाल कलाकारों को आशिर्वचन देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए रंगमंच जरूरी है जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहयोग करता है, साथ ही आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस नाटक में भाग लेने वाले हर कलाकार के अभिभावक बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इन्हे नाटक में शामिल होने की अनुमति दी।

## कमिश्नर ने आयुष्मान आरोग्य केंद्र नवलपुर का निरीक्षण किया

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने आज शहडोल जिले के बुढार विकासखंड के ग्राम पंचायत नवलपुर भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्य केंद्र नवलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने आयुष्मान केंद्र में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता से ग्राम पंचायत में गर्भवती माताओं की संख्या, बच्चों की संख्या, सिकल सेल एनीमिया से पीडित रोगियों की संख्या की जानकारी ली। जिस पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने कमिश्नर को बताया कि ग्राम पंचायत में 28 गर्भवती माहिलाएं है। जिस पर कमिश्नर ने गर्भवती माताओं के रजिस्टर के संबंध में जानकारी चाही। कमिश्नर की जानकारी मागने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने बताया कि उसके पास रजिस्टर उपलब्ध नही है जिस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा की गर्भवती माताओं, बच्चों, सिकल सेल से पीडित बच्चों के लिए आयुष्मान आरोग्य केंद्र में रजिस्टर संधारित करें तथा सतत रूप महिलाओं, सिकल सेल से पीडित बच्चों, तक अपनी पहुच बनाएं तथा समुचित उपचार मुहैया कराएं।

## लोकसभा क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन मेरा परिवार : सांसद

### भाजपा का कार्यकर्ता कभी विश्राम नहीं करता, सदैव भारत माता की सेवा में लगा रहता है : देव कुमार

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता और क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन मेरे परिवार का हिस्सा है। उनके सुख दुख मेरा है। मैंने क्षेत्र की जनता जनार्दन के सेवा का व्रत लिया है। आप सभी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से धन्यवाद व्यापित करने आया हूं।




उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने सीधी विधानसभा के बरम बाबा मंडल के बरमानी शक्ति केंद्र के ग्राम पंचायत भगोहर में शक्ति केंद्र के सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में कहीं। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता के साथ-साथ सीधी की जनता जनार्दन ने भी भरपूर आशीर्वाद दिया है। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कभी नहीं बदलता,बल्कि नेता बदल सकता है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल और केवल पार्टी के लिए कार्यकर्ता है। पोलिंग एजेंट हमारे पार्टी के जांबाज सिपाही है, जो किसी भी परिस्थिति में पार्टी के एक-एक वोट के लिए मर मिटने को तैयार हो जाते हैं। ऐसे सभी जाबांज कार्यकर्ताओं का में दोनों हाथ जोड़कर अभिनंदन करता हूं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कभी विश्राम नहीं करता। कार्यक्रम पर कार्यक्रम करता रहता है। हर कार्यकर्ता विपरीत परिस्थिति हो, चाहे अनुकूल माहौल, भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को, भारतीय जनता पार्टी के साथ चरितार्थ करता है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन, प्रत्येक पोलिंग बूथ पर शत प्रतिशत मत अर्जित करना पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए। यह लोकसभा चुनाव कई महीनो में ऐतिहासिक रहा है। मध्य प्रदेश में 29 की 29 सीटे मिलना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना, अपने आप में अद्भुत है। मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया वही मंडल के प्रभारी एवं जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को विस्तार से कार्यकर्ताओं के समक्ष रखते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात, महिला सशक्तिकरण सम्मेलन, गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं आगामी दिनों में होने वाले संगठन आत्मक चुनाव में रिकॉर्ड सदस्यता करें। इसके पूर्व शक्ति केंद्र के सभी त्रिदेव एवं पोलिंग एजेंट का सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान के साथ शाल श्रीफल से अभिनंदन किया। कार्यक्रम के पश्चात बृहद पौधारोपण कर सृष्टि के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दोहराया ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, जिला महामंत्री विनोद साकेत, शक्ति केंद्र के संयोजक बच्चन पांडे, सरपंच अमरजीत सिंह, सरपंच श्रीमती रश्मि गुप्ता, बृजेंद्र सिंह, नंदकुमार पयासी सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शक्ति केंद्र के सम्मेलन में उपस्थित रहे।

## ओम गुप्ता ने सी.ए. परीक्षा की उत्तीर्ण

सीधी

विदित है कि 11 जुलाई 2024 को सी.ए. (चार्टर्ड एकाउंटेंसी) का फाइनल परीक्षा परिणाम षोंघित किये गये हैं, जिसमें सीधी जिले के ओम गुप्ता पिता रामनरेश गुप्ता ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कड़ी मेहनत से कुछ भी संभव है, ओम गुप्ता ने पहले चरण में, पहले प्रयास में सी.ए. फाउण्डेशन परीक्षा और सी.ए. इंटर परीक्षा दोनो ग्रुप उत्तीर्ण किये। मध्यम परिवार के ओम ने अपनी कड़ी मेहनत के साथ-साथ अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार जन एवं गुरूजनों को देते हैं। आपकी अपार सफलता पर समस्त सीधी जिला गौरवांवित है एवं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## कार में कोरेक्स सिरप रखकर बेच रहे थे, ग्राहक बन पुहंची पुलिस ने पांचों आरोपितों को दबोचा

**सीधी।** एमपी के सीधी में योजना बनाकर कार्रवाई करने से बहरी पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पड़रिया जंगल में सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 19 सीए 2634 में पांच लोग आम के पेड़ के नीचे गाड़ी में बैठे दिखे, जिनके पास में कोरेक्स सिरप रखा था। ग्राहक का इंतजार कर रहे पांचों लोग दहशत में आ गए।



**नशीली कफ सिरप, 4 मोबाइल कार बरामद**

थाना प्रभारी बहरी राकेश बैस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. रवींद्र वर्मा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए 5 लाख 75 हजार के 575 सीसी नशीली कफ सिरप, 4 मोबाइल कार को बरामद किया है। पड़रिया जंगल में एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में पांच लोग बैठे थे, जिनके पास में कोरेक्स सिरप दिखा।

**पकड़े गए आरोपितों में मैहर-रीवा के युवक भी शामिल**

कार चालक विष्णु कुशवाहा 21 वर्ष निवासी भड़री थाना ताला जिला मैहर एवं अन्य बैठे व्यक्तियों ने अपना नाम शिवेन्द्र सिंह 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 04 नई बस्ती पडरा रीवा, पियूष वर्मा 23 वर्ष निवासी ग्राम घोघर वार्ड क्रमांक 33 रीवा, अभिषेक सरल 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02 विंध्य बिहार कालोनी पड़रा थाना सिविल लाइन रीवा, सुनील साकेत 28 वर्ष निवासी धनखोरी थाना जमोडी बताया।

**गाड़ी की तलाशी में डिग्गी में तीन बोरियां मिलीं**

गाड़ी की तलाशी ली गई, पीछे की डिग्गी में तीन बोरिया मिली। दो बोरियों में कार्टून भरे ओनरेक्स 575 नग रहा। जिसकी कीमत 2 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई। इसके साथ ही मोबाइल 45 हजार, स्वीप्ट डिजायर कार 3 लाख कुल कीमती 5 लाख 75 हजार समक्ष गवाहों के समाने जब?त कर आरोपितों को न्यायालय पेश किया गया है।

## मध्यस्थता केंद्र चुरहट का हुआ लोकार्पण



**सीधी।** न्यायमूर्ति श्री जी एस अहलूवालिया मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के द्वारा मध्यस्थता केंद्र चुरहट का लोकार्पण बुधवार 17 जुलाई को किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रमा जयंत मित्तल विशेष न्यायाधीश, श्री मुकेश कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जिला न्यायाधीश, श्री बृजेंद्र सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सीधी, श्री वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, श्री राजेश श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, श्री विकास चौहान तृतीय जिला न्यायाधीश, श्री गौतम कुमार गुजरे, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश, श्री लक्ष्मण डोडवे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री नृपेंद्र सिंह परिहार व्यवहार न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति चुरहट तथा सभी मजिस्ट्रेटगण, श्री राजेश शाही अपर कलेक्टर, श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री अरविंद श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अधिवक्तागण, जिला न्यायलय के कर्मचारीगण, जिला प्रशासन के अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण एवं पुलिस विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# हार-जीत की कड़वाहट से अलग राजनीति में भाषा की मर्यादा जरूरी

राजनीति में दो विरोधी दलों का विचारधारा और मुद्दों के स्तर पर एक दूसरे के खिलाफ खड़े होना स्वाभाविक है। मगर वे भाषा के स्तर पर इस हद तक चले जाएं कि उससे उपजी कड़वाहट सामान्य व्यवहार और बोली तक को बुरी तरह प्रभावित करने लगे, तो यह निश्चित रूप से लोकतांत्रिक माहौल को भी बाधित करेगा। पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश की राजनीति में ऐसा माहौल बन रहा है, जिसमें प्रतिद्वंद्वी दलों में मुद्दों पर उठी बात को उचित संदर्भ में देख-समझ कर एक परिपक्व राय या प्रतिक्रिया देने के बजाय दोनों पक्षों के समर्थक आपस में दुश्मन की तरह पेश आने लगते हैं ऐसे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक नई परिपाटी शुरू की है, जिसे कड़वाहट से भरी राजनीतिक दुनिया में एक नई बयार की तरह देखा जा सकता है। गौरतलब है कि अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव हारने के बाद से भाजपा नेता स्मृति ईरानी के लिए सोशल मीडिया पर कुछ अवांछित भाषा का प्रयोग हो रहा था। राहुल गांधी ने इसी संदर्भ में 'एक्स' पर लिखा कि जीवन में जीत और हार होती रहती हैज्मैं सभी से गुजारिश करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता को लेकर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने से बचें। जाहिर है, मुद्दा आधारित राजनीति के बजाय आरोप-प्रत्यारोपों में घुलती असहिष्णुता जब विषैली भाषा के रूप में सामने आने लगे और संवाद तक की गुंजाइश खत्म होने लगे तो ऐसे में अपने राजनीतिक विरोधी नेताओं के प्रति इस तरह की उदारता वक्त की जरूरत है। मगर राहुल गांधी की इस टिप्पणी को सकारात्मक संदर्भ में लेने के बजाय भाजपा के एक नेता की ओर से जैसी नकारात्मक प्रतिक्रिया आई, उसे सद्भाव के विरुद्ध ही माना जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि शीर्ष नेताओं की भाषा, उनके विचार और व्यवहार आम जनता के लिए एक स्तर पर सामाजिक-राजनीतिक प्रशिक्षण का काम करते हैं। नेता जैसा विचार जाहिर करते हैं, उनके समर्थकों का मानस भी वैसा ही बनता है। इस लिहाज से अपने राजनीतिक प्रतिपक्षी नेताओं के लिए शालीन भाषा का प्रयोग करने की राहुल गांधी की सलाह सद्भाव आधारित राजनीति और लोकतांत्रिक माहौल को मजबूत करने की कोशिश है।

# राजस्थान भाजपा में अभी से उठने लगे बगावत के स्वर

**लोकसभा चुनाव के बाद राजस्थान भाजपा में जमकर उठा पटक मची हुई है जो भविष्य में आने वाले तूफान के संकेत दे रही है। राजस्थान के कृषि मंत्री डा. किरोड़ी लाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने सरकारी गाड़ी व अन्य सरकारी सुविधाएं भी लौटा दी है। यहां तक की डा. किरोड़ी लाल मीणा बजट सत्र में भी विधानसभा में नहीं आने की घोषणा कर चुके हैं। डा. किरोड़ी लाल मीणा भाजपा के कद्दावर नेता हैं और राजस्थान में संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। सरकार में हो या विपक्ष में वह अपनी बात पूरी मुखरता से रखने के लिए जाने जाते हैं।**

(रमेश सर्राफ धमोरा)

डॉ. किरोडी लाल मीणा मंत्रिमंडल के गठन के वक्त से ही नाराज बताए जा रहे हैं। मंत्रिमंडल के गठन के वक्त उन्हें उनकी वरिष्ठता के अनुरूप महत्व नहीं मिला था। जिसके चलते वह अंदर खाने नाराज चल रहे थे। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने खुलकर अपनी नाराजगी का इजहार कर दिया।

लोकसभा चुनाव के बाद राजस्थान भाजपा में जमकर उठा पटक मची हुई है जो भविष्य में आने वाले तूफान के संकेत दे रही है। राजस्थान के कृषि मंत्री डा. किरोड़ी लाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने सरकारी गाड़ी व अन्य सरकारी सुविधाएं भी लौटा दी है। यहां तक की डा. किरोड़ी लाल मीणा बजट सत्र में भी विधानसभा में नहीं आने की घोषणा कर चुके हैं। डा. किरोड़ी लाल मीणा भाजपा के कद्दावर नेता हैं और राजस्थान में संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। सरकार में हो या विपक्ष में वह अपनी बात पूरी मुखरता से रखने के लिए जाने जाते हैं।

डॉ. किरोडी लाल मीणा मंत्रिमंडल के गठन के वक्त से ही नाराज बताए जा रहे हैं। मंत्रिमंडल के गठन के वक्त उन्हें उनकी वरिष्ठता के अनुरूप महत्व नहीं मिला था। जिसके चलते वह अंदर खाने नाराज चल रहे थे। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने खुलकर अपनी नाराजगी का इजहार कर दिया। डॉ. किरोडी लाल मीणा दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर चुके हैं। उसके उपरांत भी उन्होंने अपना मंत्री पद से इस्तीफा वापस नहीं लिया है। कहने को तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी कहते हैं कि किरोड़ी लाल मीणा पार्टी से नाराज नहीं है और वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में है। मगर हकीकत में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। बजट सत्र में भी विधानसभा नहीं आकर डा. किरोड़ी लाल मीणा ने अपनी नाराजगी खुलकर जता दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया अपने उपेक्षा से पहले से ही दुखी है। गाहे बेगाहे अपनी नाराजगी जाहिर करती रहती है। विधानसभा में भी वसुंधरा समर्थक विधायक सरकार को जमकर घेर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद वसुंधरा राजे को पूरी आशा थी कि उन्हें तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। मगर जिस प्रकार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जेब से पर्ची निकाल कर वसुंधरा राजे से नए मुख्यमंत्री के लिए भजनलाल शर्मा के नाम की घोषणा करवाई। उससे वसुंधरा राजे की आम जनता में काफी फजीयत हुई थी। जिसे वसुंधरा अभी तक भूल नहीं पाई है।

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की हार से जहां केंद्र में भाजपा कमजोर हुई है वही राजस्थान में तो भाजपा सरकार के मुखिया भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य सभी अग्रिम पंक्ति के नेताओं की जमकर किरकिरी हुई है। केंद्र सरकार में तीसरी बार मंत्री बने अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर लोक सभा सीट से महज 55711 वोटो के अंतर से जीत सके हैं। जबकि 2019 में वह 264081 व 2014




के चुनाव में 308079 वोटो के अंतर से चुनाव जीते थे। इस तरह देखे तो इस बार अर्जुन राम मेघवाल ने बहुत ही मुश्किल से चुनाव जीता है। जबकि उनके पड़ोस की श्रीगंगानगर, चुरु, झुंझनू, सीकर सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की हार हुई है।

इसी तरह तीसरी बार केंद्र सरकार में मंत्री बने गजेंद्र सिंह शेखावत की स्थिति भी कोई बेहतर नहीं रही है। उन्होंने कांग्रेस के अनजान से प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा को 115677 वोटों से हराया है। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने तब के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को 274440 वोटो से व 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की कैबिनेट मंत्री चंद्रेश कुमारी कटोच को 303464 वोटो से चुनाव हराया था। इस बार के चुनाव में गजेंद्र सिंह का प्रभाव भी कम हुआ है। गजेंद्र सिंह के पड़ोस की बाड़मेर-जैसलमेर, नागौर, सीट पर भाजपा चुनाव हार गई है। जबकि पिछली बार यह सभी सीट भाजपा के पास थी। गजेंद्र सिंह शेखावत का शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ से चुनाव पूर्व हुआ विवाद भी खास सुर्खियों में रहा था। बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर तो भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी तीसरे स्थान पर रहें थे। उन्हें मात्र 16.99 प्रतिशत यानि 286833 वोट ही मिल पाए थे। जबकि 2019 का चुनाव कैलाश चौधरी ने 323808 वोटो से जीता था। तब उन्हें 846526 वोट मिले थे।

लोकसभा चुनाव में चूरू सीट पर भाजपा सांसद राहुल कस्वां का टिकट काटे जाने से जाटों में भाजपा के प्रति काफी नाराजगी व्याप्त हो गई थी। जिसका खामियाजा उन्हें जाट बहुल अधिकांश सीटों पर हार कर चुकाना पड़ा था। पिछली बार भाजपा के पांच सांसद जाट वर्ग से थे। जबकि अबकी बार अजमेर से भागीरथ चौधरी जीत पाए हैं। लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी अपने पुत्र के झालावाड़ संसदीय क्षेत्र तक ही सीमित रही थी। उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची में तो शामिल किया गया था। मगर चुनाव प्रचार के लिए कहीं नहीं भेजा गया। सीकर से दो बार भाजपा सांसद रहकर पिछला चुनाव हार चुके स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने खुलकर कहा है कि यदि वसुंधरा राजे से चुनाव प्रचार करवाया जाता तो नतीजे हटकर मिल सकते थे।

झुंझुनू से भाजपा टिकट पर चुनाव में पराजित हुए शुभकरण चौधरी ने अपनी हार का कारण अग्निवीर योजना को बताया था। भाजपा के बहुत से नेताओं का मानना है कि राजस्थान से सेना में सर्वाधिक नवयुवक भर्ती होते हैं। अग्निवीर योजना आने के बाद राजस्थान के युवाओं में खासी नाराजगी व्याप्त हो रही है। कांग्रेस ने वायदा किया था कि उनकी सरकार बनने पर अग्निवीर योजना बंद कर देगी। इससे बड़ी संख्या में नवयुवकों ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी सभी 25 संसदीय सीटों पर प्रचार के लिए नहीं पहुंच सक थे। मुख्यमंत्री स्वयं चुनाव के दौरान व्यवस्थित ढंग से चुनाव प्रचार नहीं कर सके। इसी के चलते अपने गृह जिले भरतपुर की लोकसभा सीट भी हार गए। कोटा जैसी भाजपा की मजबूत सीट पर भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस बार महज 41974 वोटो के अंतर से ही जीते हैं। जबकि पहले के चुनाव में उनकी जीत का अंतर लाखों वोटो में होता रहा था।

राजस्थान में भाजपा की सरकार बने सात महीने से अधिक का समय हो चुका है। मगर अभी भी सरकार पर मंत्रियों की पकड़ नहीं बन पाई है। अधिकारी वर्ग मंत्रियों की बातों को अधिक तवज्जो नहीं देते हैं। जिसके चलते मंत्रियों द्वारा आम जनता में की गई घोषणाएं पूरी नहीं होने से उनकी स्थिति हास्याद पद बन जाती है। अभी राजस्थान में मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष एक ही जाती के हैं। विभिन्न निगम, बोर्ड, आयोग, मण्डलों में भी अभी तक या तो पिटे हुए मोहरों को या अधिकारियों को ही नियुक्ति दी गई है। जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री के इर्द-गिर्द वही चौकड़ी रहती है जो उनके प्रदेश महामंत्री रहते उनके साथ रहती थी। इससे आम जनता में सरकार की छवि खराब हो रही है।

अगले कुछ महीनो में प्रदेश की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। पांच में से भाजपा के पास एक भी सीट नहीं थी। लेकिन यदि भाजपा इन पांच सीटों को फिर से हार जाती है तो मुख्यमंत्री की नकारात्मक छवि बनेगी। इसलिए सरकार के समक्ष सभी पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जीतना एक मजबूत चुनौती बन गई है। भाजपा यदि पांचों सीटों पर उपचुनाव में जीत जाती है तो लोकसभा चुनाव की हार का गम कुछ कम होगा। वरना आने वाले समय में पार्टी आलाकमान द्वारा राजस्थान को लेकर कई बड़े निर्णय किए जाने की संभावना व्यक्त की जाने लगी है। (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

# नागिन डांस करने का है, किदर है शादी

(नमिता जोशी)

मुन्ना भाई आज अगर तुम अपुन का बात नहीं माना तो अपुन आज अपना मोबाइल तोड़ के समंदर में फेंकने वाला है। गर्लफ्रेंड भी ब्रेकअप करके भाग गयेली है, अब तो कुछ करना इच पड़ेंगा। सर्किट का मॉर्निंग सिकनेस स्टार्ट हो गयेला है सुबह-सुबह। बात मोबाइल दरिया में फेंकने की आ गई तो पूछना पड़ा, क्या मैटर है सर्किट। चार्जर खराब हो गयेला तो नया लेने का। काइकू दरिया में डाल रयेला है? और गर्लफ्रेंड काइकू भागी रे? जो भी टेंशन है, डायरेक्ट अपुन से बोलने का।

सर्किट बोला, मुन्ना भाई फोन पे गुस्सा इसलिए निकाल रयेला है क्योंकि पूरा दस दिन से सोशल मीडिया में शादी का फोटो- विडियो देख के अपुन का भेजा फ्राई हो गयेला है। अक्खा मुंबई को इनविटेशन है, अक्खा दुनिया के नेता-अभिनेता इंडिया आके नागिन डांस कर रयेले बरात में। और एक अपुन है, मिथुन से भी अच्छा डिस्को डांसर इधर खोली में सड़ रयेला है। अपुन कू भी सेठ की शादी में जाने का बावा। मस्त खाना खाने का है और जमीन में लेट-लेट के डांस करने का है। कुछ भी करके अपुन कू भी एंट्री मारने का है।

सर्किट का रोना सुन के छोटा छतरी बोला, ऐसे फटेले कपड़े पहन के तेरे कू भीख जरूर मिल जाएगी पन शादी में एंट्री का भूल जा। छतरी की बात का जवाब सर्किट के पास था, अपुन अभी जा रयेला है बुध बाजार से डिजाइनर ड्रेस लेने। उदर सबका कॉपी मिल रयेला है। तुमकू क्या लगता है, सब के सब डिजाइनर कपड़े पहन के आ रयेले है? आधी से ज्यादा जनता भाड़े की ड्रेस पहनती है शादी में। अपुन तो बुध बाजार से खरीद के लाएगा गोल्डन कलर का रमेश मल्होत्रा का कॉपी किया शेरवानी ड्रेस। रिंकी ने बताया था अपुन कू। उसने तो राधा तेरी चुनरी वाला डिजाइनर कॉपी ड्रेस खरीद के भी रखेला था। अपुन इच कोई जुगाड़ नहीं किया। इससे पहले कि अपुन कोई और नुकसान करे, चलो ना मुन्ना भाई, एक ड्रेस अपुन तुम्हारे वास्ते भी लेके आएगा।

तभीच चम्मन चिरकुट ने राइट टाइम पे एंट्री लिया। किदर कू जा रयेला है? किसकी शादी में पहनेगा? दस दिन वाले फंक्शन खल्लास हो गयेले। सब गेस्ट लोग भी निकल गए, सबका खाना भी हजम हो गया होगा अब तक। किसी और सेठ की शादी में जाना है तो बोल। अपुन अभी देख के आ रयेला है। पांच गली छोड़ के एक शादी की लाइटिंग लग रयेली है। रापचिक अरेंजमेंट है। बता क्या करने का है? शादी में जाना इच है तो थोड़ा वेट करने का। अपुन कू ये बता कि मोबाइल में देख-देख के तेरेकू क्या क्या कॉम्प्लेक्स हो रयेले हैं?



चिरकुट अक्खा लाइफ में पहली बार कुछ काम का बात किया। बोल सर्किट, क्या करेगा शादी में? अच्छे कपड़े पहन के रेड कार्पेट पे फोटो खिंचाने का है, कि इंस्टाग्राम और फेसबुक पे पोस्ट कर के, स्टोरी डाल के दोस्तों को जलाना है, बरात में ढोल पे नागिन डांस करने का है? या फिर पानी-पूरी, चाट और मस्त शादी वाला खाना डकारने का मूड है। तेरे मूड के हिसाब से अपुन सारा इन्फर्मेशन लेके आएगा। सर्किट बोला, पांच गली छोड़ के जिस सेठ के घर में शादी हो रयेली है, अब तो उसके यहां जाना मांगता है। सर्किट बोला, जा पहले मालूम करके आ वहां कितने दिन का प्रोग्राम बनेला है। अपुन कू सारी हसरत पूरी करने का है। ब्रेकअप का गम भुलाने का है, अपने फ्रेंड्स और रिश्तेदार को जलाने का है, सोशल मीडिया में एक साथ पांच सौ फोटो डालने का है। मुन्ना भाई तो मालूम नहीं कब शादी बनाएगा पन अपुन कू बरात में फुल मूड में ढोल पे अइसा नाचने का है, जइसे अपने भाई की शादी हो रयेली हो। और खाना तो कॉम्पिलमेंट्री होता इच है ना। एक बार अंदर एंट्री मिल गई तो खाने के एक-एक स्टॉल पे अपुन अइसे टूट पड़ेगा, जइसे आसमान से बिजली।

चिरकुट सर्किट के अरमान पूरा करने के वास्ते भागा कि किस सेठ के घर में शादी है और कितने दिन का शो ऑफ करने कू मिलेगा। इधर सर्किट अजीमोश्शान शहंशाह वाला गाना लगा के शेरवानी में वॉक करने की प्रैक्टिस करने लगा। दस मिनट बाद चिरकुट आया और खोपचे में बैठ के धीरे से बोला, शादी के फंक्शन तो उदर भी पांच-छह दिन के हैं, खाने-पीने और नाचने-गाने का भी मस्त अरेंजमेंट है। मगर वो शादी जिस सेठ के घर में है वो सर्किट की गर्लफ्रेंड का पापा है। रिंकी भाभी शादी कर रयेली है किसी और से। बोल सर्किट जाने का है तेरेकू उसमें शो-ऑफ के वास्ते? ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5434

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | 8 | | 9 |
| | | | | 10 | | | |
| 11 | 12 | | | | 13 | | |
| 14 | | | 15 | | | | |
| 16 | | 17 | | | 18 | 19 | |
| | 20 | | | 21 | | 22 | |
| | | | 23 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. सितंबर 1927 को इस बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार ने जन्म लिया था इस साहित्यकार ने पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत की पटकथा लिखी थी (7)
7. हल्का बुखार, ज्वर अनुभूति (4)
8. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
10. निरूत्तर, चुप, खामोश (2)
11. मानवीय, पौरूषेय, मानुष्का (3)
13. सियार, श्रृंगाल, निशामृग (3)
14. अभ्युदय काल, उन्नति के दिन , वैभव काल (2)
15. संगीत में स्वरों का राग सहित उच्चाण, संभाषण, लंबी तान (3)
16. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)
18. तीन, तीसरा (संस्कृत)(2)
20. क्षमताहीन, जो थक चुका हो (2)
22. द्वेष (2)
23. हथेली पर जल लेकर मंत्रपूर्वक पढ़ते हुए पीना (4)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का यह शाहर मूलतःइंदौर का निवासी है (6)
2. डायमंड ज्वेल बीयरिंग, अनमोल रत्न (2)
3. रेडियो (वायरलेस) के आविष्कारक (4)
4. धागा, तंतु, बंदीजन, विजित दास (2)
5. जावक पत्र, इनडेंट, चालान पत्र (6)
6. कोटि, उत्पन्न, घटित, नवजात शिशु (2)
9. पाशबद्ध करना, ठिठुरना, मजबूती से पकड़ना (4)
12. वाराणसी से करीब 6 किमी उत्तरपूर्व में बौद्धों का एक तीर्थस्थल जिसे सारंगनाथ भी कहते है (4)
15. इंकम, जमा प्रविष्टि (2)
17. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
19. भरोसा, विश्वास, ऐतबार (3)
21. अनुसंधान, इन्क्वायरी, जांचने की क्रिया या भाव (2)

### वर्ग पहेली 5433 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मृ | ता | प्री | त | म | | कौ |
| स | ग | र | | र | ह | मा | न |
| मा | या | | स | फ | ल | ता | |
| न | | आ | मा | दा | | | वि |
| ता | न | | न | र | सौं | | य |
| | ज | न | ता | | ठ | ग | ना |
| कु | रा | न | | हां | | ज | |
| | ना | द | ना | | बा | रा | त |

# क्या यूपी बीजेपी में सबकुछ ठीक नहीं, दिल्ली वाली इस मुलाकात के क्या मायने?

(विवेक मिश्रा)

लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में बीजेपी को मिली हार के बाद पार्टी के अंदर क्या सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। हार की समीक्षा के लिए योगी आदित्यनाथ की ओर से बुलाई गई बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य नहीं पहुंचे थे। इसके बाद से दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की चर्चा तेज हो गई थी। सोमवार को केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर से बयान देकर हलचल मचा दी है। बीजेपी कार्य समिति की बैठक में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि संगठन हमेशा सरकार से बड़ा रहा है। जिस समय केशव प्रसाद मौर्य ने यह बयान दिया, उस समय मंच पर सीएम योगी और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मौजूद रहे। उनके बयान के तरह-तरह के मायने निकाले जा रहे हैं। कोई कह रहा है कि केशव प्रसाद ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसा कहा, तो कोई कह रहा है कि सरकार की नाराजगी की वजह से उन्होंने कहा और सीधे योगी को चुनौती दी। इस बीच, मंगलवार दोपहर को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और भूपेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने दिल्ली पहुंचे। शाम को केशव प्रसाद मौर्य और जेपी नड्डा की मुलाकात चल रही है। उनकी मुलाकात के बीच यूपी सरकार में सबकुछ ठीक नहीं होने की चर्चा तेज हो गई।

**2017 में बीजेपी की प्रचंड जीत, पर सीएम योगी का बनना-** आइए विधानसभा चुनाव 2017 में चलते हैं। 2017 से पहले यूपी सपा की सरकार की। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान केशव प्रसाद मौर्य अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में बीजेपी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। केशव प्रसाद मौर्य खुद ओबीसी से आते हैं और उन्होंने सीट बंटवारे में जातियों को साधने में सफलता हासिल की थी, जिसका फायदा बीजेपी को मिला, लेकिन अचानक से सीएम योगी आदित्यनाथ को बना दिया गया। उन्हें डिप्टी सीएम के पद से संतोष करना पड़ा था। बताया जाता है कि वहीं से दोनों के बीच मनमुटाव शुरू हुआ, जो अब तक जारी है। हालांकि, उस समय मनोज सिन्हा का भी नाम सीएम रेस में आया था, लेकिन योगी ने बाजी मारी थी।

**2022 में केशव प्रसाद मौर्य की हार-** अब चलते हैं 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में बीजेपी दूसरी बार लगातार पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई, लेकिन इस चुनाव में कई उलटफेर हुए, जिसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का हारना। पल्लवी पटेल ने उनको हराया था। उस समय चर्चा तेज चली थी कि वो हारे नहीं, बल्कि उनको हराया गया। हालांकि, हार के बाद केशव प्रसाद मौर्य दोबारा डिप्टी सीएम बने, लेकिन उनको 2017 की तरह पावर नहीं दिया गया। 2017 में लोक निर्माण विभाग केशव के पास था, जबकि 2022 में उनको ग्राम विकास एवं समग्र विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग का प्रभार दिया गया।

**2024 लोकसभा चुनाव में योगी को नजरअंदाज करना-** लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी की 80 सीटों में से 50 पर जब नाम तय किए गए, तो कमेटी की औपचारिक बैठक से पहले नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा ने लोक कल्याण मार्ग पर अनौपचारिक बैठक कर ली। इस दौरान योगी आदित्यनाथ करीब दो घंटे तक इंतजार करते रहे थे। बाद में औपचारिक बैठक में नाम पढ़ दिए गए थे। बताया जाता है कि योगी आदित्यनाथ ने 35 सांसदों के नाम काटने के सुझाव दिए थे, जिसको नहीं माना गया और इनमें 27 प्रत्याशी चुनाव हार गए। यही कारण रहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में हार मिलने के बाद से किसी पर भी हार की जिम्मेदारी नहीं दी गई है। बताया जाता है कि योगी पहले से ही जवाब देने के मूड में हो गए थे।

# आज का राशिफल

### मेष

आज आय में वृद्धि का दिन है और आपको हर कार्य में सफलता मिलने से हर्ष होगा। शाम को कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में विशेष सम्?मान की प्राप्ति होगी और आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। शाम को दोस्?तों के साथ वक?त बिताएंगे और किसी पार्टी को एंजॉय करेंगे। फालतू खर्च से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### वृषभ

आज सम्?मान की प्राप्ति होगी और योजनाएं सफल होंगी। देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्?त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के बाद के हिस्?से में आपकी तरक?की होगी और आपके कार्य सफल होने से आपके आत्?मविश्?वास में वृद्धि होगी।

### मिथुन

आज दिन काफी रचनात्मक है और आपका काफी समय से रुका कोई कार्य पूरा होने से आपको खुशी होगी। आपके धन में वृद्धि होने किस्?मत चमकेगी और कारोबार में आगे बढ़ेंगे। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको कुछ लोगों की मदद से रिलैक्स करने में सहायता होगी।

### कर्क

आज जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसमें सफल होंगे। अधूरे काम निपट जाएंगे और महत्वपूर्ण चर्चाओं को भी आप आगे बढ़ाएंगे। ऑफिस में आपके मन का माहौल बन जाएगा और काम करने में आपको मजा आएगा। आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### सिंह

आज आपको अपने काम में लाभ होने से सम्?मान की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। कोई भी ऐसा काम न करें कि आपको जिसके पूरा होने में संदेह हो। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा। आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं और बिजनस में सेल अच्?छी होने मुनाफा भी काफी अच्?छा होगा।

### कन्या

आज आर्थिक मामले में सावधानी रखने की सलाह है और बेहतर होगा कि दूसरों की बातों पर अधिक ध्?यान देने की बजाए अपने काम पर फोकस करें। आपके घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य पूर्ण करें। हर मामले में फैसला आपके हित में आएगा। अपने मन की बात किसी से शेयर न करें।

### तुला

आज का दिन बहुत ही लाभकारक है। हर काम आपकी प्?लानिंग के हिसाब से पूरा होने से आपको खुशी होगी और नए उत्?साह के साथ हर कार्य पूर्ण करें। कार्य व्यवहार में सुधार करें तो सीनियर्स भी आपकी भरपूर मदद करेंगे। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज दिन शुरुआत से ही काफी अच्?छा रहेगा। हर काम में आपके मन के अनुसार परिणाम मिलने से आपके उत्?साह में वृ?द्धि होगी। दोपहर के बाद आपकी सेहत में गिरावट आ सकती है या फिर परिवार में कोई अचानक से बीमार पड़ सकता है।

### धनु

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके काम को देखकर आपके विरोधी भी आपकी तारीफ करने लगेंगे। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। आपको कारोबार के मामले में भी अच्?छा मुनाफा होगा। कहीं से रुके धन की प्राप्ति होने से आपकी कुछ रुकी योजनाएं फिर से आरंभ होंगी।

### मकर

आज भाग्?य साथ देगा और आपको आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। करियर में आप जो भी भी प्रयास कर रहे हैं उसमें आपको सफलता मिल सकती है। आपको अपने नीचे काम करने वाले लोगों से अच्?छा फीडबैक मिलेगा और आपके प्रति उनके मन में सम्?मान भी बढ़ेगा।

### कुंभ

आज करियर के मामले में सावधानी से काम करने की सलाह है। आज किसी विवाद में फंसाकर ऑफिस में लोग आपको परेशान कर सकते हैं। आज आपको ऑफिस में कुछ लोगों की वजह से अपने काम को समय से पूरा करने में कठिनाई हो सकती है।

### मीन

आज दिन सफ्लता से भरा होगा। आप अपने काम को समय से पूरा करके परिवार के साथ शाम का वक?त अच्?छे से बिता पाएंगे। बहनोई और साले से किसी मामले में लेनदेन न करें, वरना आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्य पर खर्च हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### उद्धव ने बढ़ाई पवार और कांग्रेस की चिंता, 125 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में शिवसेना



**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मिली जीत से गदगद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। वह महाराष्ट्र की 288 में से 125 सीटों रक विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को संजय राउत, अनिल देसाई, सुभाष देसाई, सुनील प्रभु और राजन विचारे सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी। शिवसेना का यह दावा सहयोगी एनसीपी और कांग्रेस की चिंता बढ़ा सकती है। सूत्रों के हवाले से कहा है कि उद्धव ठाकरे ने बैठक के दौरान सभी 125 विधानसभा सीटों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वह इन सीटों को टारगेट करने के लिए एक समर्पित 'थिंक टैंक' के साथ एक वार रूम स्थापित करने की भी योजना बना रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) इन सीटों पर पिछले वोट मार्जिन के आधार पर दावा ठोकेगी। इसके अलावा पार्टी पिछले विधानसभा चुनावों में इन सीटें पर मिले वोटों के आधार पर इन निर्वाचन क्षेत्रों को ए, बी और सी कैटेगरी में विभाजित करेगी। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अविभाजित शिवसेना ने एनडीए में रहते हुए 124 सीटों पर चुनाव लड़ा था। 163 सीटें भाजपा और अन्य सहयोगियों के लिए छोड़ी थी। 2024 के लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने 22 सीटों पर चुनाव लड़ने पर जोर दिया। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी भाजपा के साथ रहते हुए इतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पार्टी लोकसभा वाला ही फॉर्मूला विधानसभा चुनाव में भी अपनाना चाहती है। दिलचस्प बात यह है कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने पहले ही कहा था कि पार्टी हालिया लोकसभा चुनावों में एमवीए के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद आगामी विधानसभा चुनावों में 150 सीटों से कम पर समझौता नहीं करेगी।

### यूपी में तीन आईपीएस का तबादला, हापुड़ के एसपी अभिषेक वर्मा को वेटिंग में भेजा

**लखनऊ, एजेंसी।** योगी सरकार ने बुधवार को तीन आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। आईपीएस अभिषेक वर्मा को हापुड़ के एसपी पद से हटा वेटिंग में रखा गया है। वहीं, आईपीएस अधिकारी ज्ञानंजय सिंह को हापुड़ का नया एसपी बनाया गया है। इसके अलावा आईपीएस राजेश कुमार को गाजियाबाद कमिश्नरेट का पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। इससे कुछ दिन पहले ही प्रदेश में बड़े स्तर पर आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया था। जिन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया था, उनमें आईपीएस दुर्गेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, श्याम नारायण सिंह, गौरव बंसवाल, केशव चंद्र गोस्वामी, ओमवीर सिंह शामिल हैं। इसके अलावा पांच जिलों के डीएम को भी बदला गया था। योगी सरकार ने अयोध्या के डीएम नीतीश कुमार, बदायूं के डीएम मनोज कुमार का ट्रांसफर किया था। नीतीश कुमार की जगह अयोध्या का डीएम चंद्र विजय सिंह को बनाया गया था। नीतीश कुमार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का एमडी बनाया गया। वहीं, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव और एसीईओ इन्वेस्ट यूपी प्रथमेश कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। एक दिन पहले यानि 16 जुलाई को सीएम योगी ने आईएएस अधिकारी देवी शरण उपाध्याय पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था। देवी शरण उपाध्याय के खिलाफ ये कार्रवाई अलीगढ़ में भूमि आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर की गई है।

### यूपी की बागपत जेल में होगा 'मंत्रिमंडल' का गठन, 'मंत्री' बनकर कैदी संभालेंगे कामकाज

**बागपत, एजेंसी।** जेल के बंदी भी समाज का एक हिस्सा हैं और बाहर निकल कर वह फिर से इसी समाज में सामान्य जीवन जिएं इसके लिए बागपत जेल प्रशासन ने एक नई पहल की है। जेल में शुरू हुई यह अनूठी पहल पूरे देश के लिए मिसाल बन सकती है। जेल के माहौल में बदलाव और बंदियों में सामांजस्य बनाने के लिए जेल में एक 'मंत्रिमंडल' का गठन होने जा रहा है। इस मंत्रिमंडल में अलग-अलग विधाओं में माहिर बंदी कैबिनेट के सदस्य होंगे। प्रभार संभालने वाले बंदी जेल के बाकी बंदियों की सेहत से लेकर उनको कानूनी सलाह और खेती किसानी तक की आधुनिक तकनीक सीखने मदद करेंगे। ऐसा होगा जेल का मंत्रिमंडल, यह होंगे काम जेल के इस 'मंत्रिमंडल' में प्रमुख रूप से उन बंदियों को जबह मिलेगी जो अपने-अपने क्षेत्र के माहिर होंगे। स्वस्थ्य मंत्री के लिये डॉक्टर बंदी, कृषि मंत्री के लिये आधुनिक किसान, कानून मंत्री के लिये एडवोकेट खेल मंत्री के लिए पहलवान जैसे लोगों का चयन होगा। मंत्रालयों का गठन करके इसकी जिम्मेदारी इन मंत्रियों को दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री का काम बंदियों की बीमारियों पर नजर रखना और उनको सेहत से सम्बंधित सलाह देना होगा। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ही इन सबकी जानकारी जेल प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। कृषि मंत्री जेल में हो रही खेती का जिम्मा संभालने के साथ-साथ बंदियों को आधुनिक खेती के गुर भी सिखायेगा ताकि जेल से बाहर आने के बाद वे अपनी खेती-किसानी में उसका प्रयोग कर बेहतर जीवन जी सकें।

# डोडा हमले में शहीद हुए राजेश अपनी सैलरी से भरते थे गरीब परिवार के बच्चों की फीस

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** अपने पिता नर बहादुर थापा की तरह कर्नल भुवनेश थापा ने भी भारतीय सेना में 34 साल तक सेवा की और 2014 में रिटायर हुए। उनके बेटे बृजेश थापा ने इस परंपरा को टूटने नहीं दिया। पांच साल बाद सीडीएस की परीक्षा पास कर वह भी सेना में शामिल हो गए। सोमवार को रात करीब 10:30 बजे रिटायर कर्नल भुवनेश थापा को एक फोन कॉल आता है। उन्होंने उनके बेटा के जम्मू के डोडा में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में शहीद होमे की खबर मिलती है।

थापा परिवार मूल रूप से दार्जिलिंग के लेबोंग के पास बड़ा गिंग का रहने वाला है। बृजेश थापा ने बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा पास करने के बाद 2019 में सेना में शामिल हुए।

सिलीगुड़ी में भुवनेश थापा ने कहाः मुझे गर्व है कि हमारे बेटे ने देश के लिए कुछ किया है। हम उसे जीवन भर याद करेंगे। उनकी मां नीलिमा थापा ने बताया कि परिवार ने रविवार को अपने बेटे से आखिरी बार बात की थी। उस समय वह किसी सुदूर मोर्चे पर तैनात थे। वहां केवल पैदल ही पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा, बृजेश को जल्द ही घर आना था, लेकिन मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं





बता पा रहा था। कैप्टन थापा के पार्थिव शरीर के बुधवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है। उनका अंतिम संस्कार बड़ा गिंग में पूरे सम्मान के साथ किया जाएगा।

गिंग के अलावा, राजस्थान के झुंझुनू के दो गांवों में भी इसी तरह का मातम छाया हुआ है। अजय सिंह और बिजेंद्र सिंह की शहादत के बाद लोग शोक में डूब गए हैं। भेसवत के रहने वाले अजय के परिवार को मंगलवार सुबह उनकी शहादत की सूचना दी गई। बुधवार को उनके पार्थिव शरीर को उनके गांव पहुंचाया जाएगा। थापा की तरह अजय के पिता कमल सिंह भी सेना में थे। वह 2015 में रिटायर हुए थे। उनके चाचा कमल नरुका वर्तमान में सिक्किम में 23 राजपूत रेजिमेंट में तैनात हैं।

**हर किसी को नहीं मिलता है देश की सेवा का मौका :** अजय के छोटे भाई रविंद्र ने कहाः हमारे परिवार के कई लोग सेना में सेवा दे चुके हैं। हम हमेशा की तरह सुबह उठे, लेकिन अचानक पता चला कि अजय आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। पूरा गांव शोक में है। हर किसी को देश की सेवा करने और देश की सेवा में खुद को बलिदान करने का सौभाग्य नहीं मिलता है। झुंझुनू के एक गांव डुमोली कलां की ढांडी में भी बिजेंद्र सिंह की मौत की खबर के बाद शोक की लहर है। बिजेंद्र सिंह 2018 में सेना में भर्ती हुए थे और उनके दो बेटे हैं। वे आखिरी बार फरवरी में गांव आए थे। उनकी शहादत की खबर सबसे पहले बिजेंद्र के भाई दशरथ सिंह को दी गई। वह खुद भी सेना में हैं और लखनऊ में तैनात हैं। बिजेंद्र सिंह के पिता रामजी लाल ने कहाः मेरे दोनों बेटे देश की सेवा के लिए सेना में हैं। मुझे अपने बेटे पर गर्व है, लेकिन मैं सरकार से आतंकवाद को खत्म करने का आग्रह करता हूं। अपने बेटे को खोना मेरे परिवार के लिए सबसे बड़ी क्षति है। चरवाहा परिवार से थे राजेश सोमवार रात को हुई मुठभेड़ में शहीद हुए चौथे सैनिक डोक्करी राजेश थे, जो आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम के संथाबोम्मली मंडल के चेतलातंद्रा गांव के रहने वाले थे। एक ग्रामीण के अनुसार, राजेश चरवाहों के परिवार से हैं। उन्होंने कहा, राजेश और उनके छोटे भाई को शिक्षा दिलाने के लिए परिवार ने बहुत संघर्ष किया। वह छह साल पहले सेना में भर्ती हुए थे। वह अपने वेतन का एक हिस्सा अपने गांव के गरीब छात्रों की फीस भरने में खर्च करते थे।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर, 27.5फीसदी बढ़ेगी सैलरी, कर्नाटक ने दी मंजूरी




**बेंगलुरु, एजेंसी।** बढ़ती महंगाई के बीच सरकारी कर्मचारियों की नजरें वेतन वृद्धि पर टिकी हुई हैं। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को जहां 8वें वेतनमान की मंजूरी का इंतजार है। वहीं, कांग्रेस शासित कर्नाटक की सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए अपने कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सोमवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में घोषणा की गई कि सरकारी कर्मचारियों को 1 अगस्त से 27.5फीसदी वेतन वृद्धि मिलेगी। एक अधिकारी ने बताया कि 19 नवंबर, 2022 को गठित सातवें राज्य वेतन आयोग को राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन में संशोधन की मांगों पर विचार करने का काम सौंपा गया था। आयोग ने 24 मार्च, 2024 को अपनी रिपोर्ट पेश की। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार 15 जुलाई 2024 को कैबिनेट की बैठक में 1 जुलाई 2022 तक मूल वेतन में 31फीसदी महंगाई भत्ता और 27.5फीसदी का फिटमेंट जोड़कर वेतन और पेंशन को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है। इस संशोधन के परिणामस्वरूप कर्मचारियों के मूल वेतन और पेंशन में 58.5फीसदी की पर्याप्त वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त मकान किराया भत्ते में 32फीसदी की वृद्धि होगी। कर्मचारियों का न्यूनतम मूल वेतन 17,000 से बढ़कर 27,000 रुपए हो जाएगा, जबकि अधिकतम वेतन 1,50,600 से संशोधित होकर 2,41,200 रुपए हो जाएगा। न्यूनतम पेंशन 8,500 से बढ़कर 13,500 हो जाएगी और अधिकतम पेंशन 75,300 से संशोधित होकर 1,20,600रुपए हो जाएगी।

## केंद्र सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन, सहयोगी दलों को भी दी जगह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मंगलवार को नीति आयोग का पुनर्गठन किया, जिसमें विशेष आमंत्रित सदस्यों की संख्या पांच से बढ़ाकर 11 कर दी गई। इस लिस्ट में भाजपा के सहयोगी दलों के पांच मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। जेडीएस से एच डी कुमारस्वामी, हम से जीतन राम मांझी, जेडीयू से राजीव रंजन सिंह, टेडीपी से के आर नायडू और लोजपा से चिराग पासवान को जगह मिली है। अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष बने रहेंगे और अर्थशास्त्री सुमन के बेरी इसके उपाध्यक्ष बने रहेंगे। वैज्ञानिक वी के सारस्वत, कृषि अर्थशास्त्री रमेश चंद, बाल रोग विशेषज्ञ वी के पॉल और मैक्रो-अर्थशास्त्री अरविंद विरमानी भी सरकारी थिंक-टैंक के पूर्णकालिक सदस्य बने रहेंगे। इसके अलावा, बीवीआर सुब्रह्मण्यम भी सीईओ बने रहेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को इसका पदेन सदस्य बनाया गया है। नीति आयोग के पदेन सदस्यों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, पंचायती राज मंत्री लल्लन सिंह, आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओराम, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है।

# राजस्थान में किसानों को 30 फीसदी ज्यादा मुआवजा मिलेगा, छात्राओं को मिलेगी स्कूटी- दीया कुमारी

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने घोषणा की है कि 2027 तक किसानों को दिन में बिजली मिलेगी। इसके साथ ही बिजली की ट्रांसमिशन लाइन के लिए उन्हें 30 फीसदी ज्यादा मुआवजा मिलेगा। राजस्थान सरकार 1000 गांवों को डामर सड़क से जोड़ने, इसके साथ ही 2027 तक किसानों को दिन में बिजली देने, बाड़मेर जिले में 48 करोड़ की लागत से भारत-पाक सीमा चौकियों तक सड़कें बनाने के साथ बिजली की ट्रांसमिशन लाइन के नीचे आने वाली किसानों की जमीनों का डीएलसी की दर से 30 फीसदी ज्यादा मुआवजा देने की घोषणाएं की।

इन घोषणाओं के तहत 1000 से ज्यादा की आबादी वाले गांव में डामर सड़क बनाई जाएगी। दीया कुमारी ने कहा कि यह सभी कार्य 2 साल में पूरे करवाए जाएंगे। इसके साथ ही कहा कि पेयजल संबंधी समस्याओं के लिए 33 हजार करोड़ रुपए और दिए जाएंगे। उद्यमियों के लिए रिप्स फंड गठित किया जाएगा। वित्त निगम के वित्तीय शुद्ध अधिकरण के लिए रीको द्वारा 50-50 करोड़ रुपए का अंश प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत 15000 यात्रियों को अयोध्या की स्पेशल ट्रेन से यात्रा करवाई जाएगी। ब्राह्मणी नदी बेगूं-चित्तौड़गढ़ का सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। इसके अलावा बालिकाओं को तकनीकी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 500 स्कूटी दी जाएगी।



विद्यार्थियों एवं आमजन की विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से अलवर एवं भरतपुर में काम किए जाएंगे। प्रदेश में एनसीसी कैडेट्स को बढ़ावा दिया जाएगा। स्काउट्स कैडेट्स को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री बाल संबल योजना में 5000 रुपए की राशि दी जाएगी। थैलेसीमिया के मरीजों को बिना रक्त के आदान-प्रदान रक्त दिया जाएगा। ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए मोबाइल वेन्स की संख्या को बढ़ाया जाएगा। समस्त एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को राशि 6500 से बढ़कर 10000 दी जाएगी. प्रदेश के 20000 किसानों को भूमि सुधार के लिए जिप्सम उपलब्ध करवाया जाएगा। बेहतर पशु चिकित्सा के लिए चिकित्सालय क्रमोन्नत किए जाएंगे। प्रदेश की 100 गौशालाओं को गोकाष्ठ के लिए रियायत दर पर मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लाने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। वहीं, वृद्ध पेंशनरों को आरजीएचएस के तहत मिनरल्स व विटामिन शामिल किए जाएंग। इसके साथ दीया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार स्पेशल ट्रेन चलाएगी। इस ट्रेन के जरिए राजस्थान के लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जा सकेंगे दीया कुमारी ने कहा कि दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चों को आयुष्मान योजना के तहत 5 हजार रुपए प्रति माह मिलेंगे। इसके लिए योजना के अंदर ही बाल संबल योजना शुरू होगी। इसके साथ ही प्रदेश में 2000 नई डेयरी खोली जाएगी. 1000 सरस मित्र बनाए जाएंगे। 1000 सहकारी डेयरी समितियां खोली जाएंगी।

# चुनाव से पहले अजित पवार की पार्टी से पलायन, 4 नेताओं ने छोड़ा साथ, शरद पवार संग जाने को तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी के नेता अजित पवार की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ रही हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को रायगढ़ की एक सीट पर ही जीत मिली थी। उस हार से संभलकर वह विधानसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर ही रहे थे कि अब 4 बड़े नेताओं ने उनका साथ छोड़ दिया है। पिंपरी चिंचवाड़ के 4 शीर्ष नेताओं ने अजित पवार का साथ छोड़ा है और अब ये लोग उनके चाचा शरद पवार की पार्टी में जा सकते हैं। इस सप्ताह के अंत तक इन लोगों की एनसीपी शरद पवार में एंट्री हो सकती है। पिंपरी चिंचवाड़ यूनिट के अध्यक्ष अजित गवहाने ने अजित पवार को इस्तीफा भेजा है। उनके अलावा स्टूडेंट विंग के मुखिया यश साने, पूर्व पार्षदों राहुल भोसले और पंकज भालेकर भी पाला बदल की तैयारी में हैं। ये इस्तीफे ऐसे समय में आए हैं, जब खबरें हैं कि अजित पवार खेमे के कई विधायक और नेता अब वापस शरद पवार के साथ जा सकते हैं। पिछले दिनों दिग्गज ओबीसी नेता छगन भुजबल ने शरद पवार से लंबी मुलाकात की थी। उन्होंने मुलाकात की वजह आरक्षण समेत कई मामलों पर



चर्चा बताई थी, लेकिन कयास जारी हैं कि वह अजित पवार का साथ छोड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में अजित पवार की स्थिति एनडीए में भी कमजोर होगी और विधानसभा चुनाव में वह ज्यादा सीटों की मांग नहीं कर सकेंगे।

**ऐसे नेताओं को वापस लेने को तैयार हैं शरद पवार :** बता दें कि शरद पवार ने पिछले महीने ही कहा था कि जिन लोगों ने पार्टी को कमजोर किया है, उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा। हालांकि ऐसे लोगों को वापस लिया जा सकता है, जिन्होंने पार्टी की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाया है। शरद पवार ने कहा था, जो लोग पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं, उन्हें नहीं लिया जाएगा। लेकिन संगठन को मजबूत करने वाले ऐसे नेताओं को एंट्री दी जाएगी, जिन्होंने पार्टी की छवि को खराब नहीं किया है।

बता दें कि अजित पवार ने बीते साल अपने चाचा से बगावत कर दी थी। वह एनसीपी के करीबी 40 विधायकों को लेकर सरकार का हिस्सा बन गए थे और अब डिप्टी सीएम हैं। शरद पवार और अजित पवार के बीच पार्टी पर दावे को लेकर भी लंबी जद्दोजहद चली थी। अंत में चुनाव आयोग ने अजित पवार खेमे को ही असली एनसीपी माना था। हालांकि चुनाव नतीजों ने अजित पवार को टेंशन दी है। अजित पवार एक तरफ विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, वहीं नेताओं के साथ छोड़ने से उनकी मुश्किल बढ़ गई है। इससे उनकी तैयारियों को भी धक्का लगा है।

## मोदी सरकार के 100 दिन को लेकर मंत्रालयों को खास निर्देश, इससे आम जनता का होगा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों के शीर्ष नौकरशाहों को खास निर्देश दिए गए हैं। ऐसा कहा गया है कि वे एक-एक ऐसी प्रभावशाली परियोजनाओं की पहचान करें, जिन्हें नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में लागू किया जाएगा। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने सभी सचिवों को भेजे पत्र में यह जानकारी दी। यह भी कहा कि मंत्रालयों और विभागों को अपनी नीतियों व योजनाओं को तैयार करने और लागू करने में संपूर्ण सरकार के नजरिए को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत को कम से कम समय में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

कैबिनेट सचिव ने कहा कि पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सभी मंत्रालयों और विभागों को नई सरकार के पहले 100 दिनों के दौरान शुरू की जाने वाली एक प्रभावशाली परियोजना की पहचान करनी चाहिए। पत्र में कहा गया, 'मंत्रालय/विभाग जरूरी मंजूरी पाने के बाद उनके द्वारा तैयार 100 दिन के एजेंडा में कार्य बिंदुओं को लागू करने के लिए कदम उठाएंगे।' सचिवों से कहा गया कि प्रत्येक मंत्रालय और विभाग 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान घोषित पंच प्रण के तहत लागू करने के लिए पहल और योजनाएं तैयार करेंगे।



दूसरी ओर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में फसलों की 100 नई प्रजातियों और कृषि, बागवानी, मृदा संरक्षण, डेयरी व मत्स्य पालन जैसी नई प्रौद्योगिकी प्रस्तुत करने की तैयारी की है। यह जानकारी कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने दी। उन्होंने संकेत दिया कि इन प्रौद्योगिकियों और तकनीकों का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किया जा सकता है। वह आईसीएआर के 96वें स्थापना व प्रौद्योगिक दिवस के उपक्ष्य में आयोजित दो दिन के कार्यक्रमों के पहले दिन पूसा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हाई कोर्ट की दो टूक- आप गवर्नर पर अपमानजनक बयान नहीं दे सकतीं

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ अपमानजनक या गलत बयान देने को लेकर आपत्ति जताई और 14 अगस्त तक इस तरह की गलत और अपमानजनक बयान पर रोक लगाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता के अधिकार के नाम पर कोई संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति के खिलाफ ऐसे गलत शब्दों का प्रयोग नहीं कर सकता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तीन अन्य को 14 अगस्त तक राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ कोई भी अपमानजनक या गलत बयान देने से रोक दिया। दरअसल, राज्यपाल आनंद बोस ने 28 जून को कलकत्ता हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। बोस द्वारा दायर याचिका में ममता बनर्जी के अलावा तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार तथा पार्टी के नेता कुणाल घोष के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था। 2 मई को राज्यपाल के घर में एक संविदा महिला कर्मचारी ने बोस पर उसके साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था, जिसके बाद कोलकाता



पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए, बनर्जी ने पीटीआई के हवाले से दावा किया कि महिलाओं ने उन्हें बताया कि वे हाल ही में वहां हुई घटनाओं के कारण राजभवन जाने से डरती हैं। सोमवार को, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हाई कोर्ट में महिलाओं के राजभवन जाने से डरने के अपने बयान पर कायम रहीं। उन्होंने दोबारा कहा कि महिलाओं ने उनसे शिकायत की थी कि वे राजभवन जाने से डरती हैं। बोस की याचिका और ममता की दलील एक तरफ बोस ने अपनी याचिका में हाई कोर्ट से गुहार लगाई थी राजभवन की कथित घटनाओं के संबंध में ममता बनर्जी और टीएमसी के नेताओं को आगे कोई भी टिप्पणी करने से रोका जाए। दूसरी ओर ममता बनर्जी के वकील ने दलील दी कि उन्होंने राजभवन में कुछ कथित गतिविधियों को लेकर महिलाओं की आशंकाओं को ही दोहराया है। सुनवाई के दौरान, ममता बनर्जी के वकील ने दावा किया कि याचिका विचारणीय नहीं है, साथ ही उन्होंने यह भी तर्क दिया कि न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण राव की अदालत के पास मामले की सुनवाई करने का अधिकार क्षेत्र नहीं है। 4 जुलाई को, महिला शिकायतकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपाल को दी गई छूट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

संक्षिप्त समाचार

## शौर्य बावा मिस्र के मोहम्मद जकारिया से हारे

- विश्व जूनियर स्क्वाश में कांस्य पदक से करना पड़ा संतोष



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के लड़कों के एकल सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। बावा पिछले साल के उपविजेता जकारिया से 41 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-11 5-11 9-11 से हार गए। कुश कुमार (2014 में) के बाद बावा विश्व जूनियर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। लड़कियों के वर्ग में अनाहत सिंह क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। भारत की 16 वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियन को मिस्र की नादियां इल्हामामी ने 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से हराया था।

## जिब्राल्टर स्पेन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिब्राल्टर फुटबॉल एसोसिएशन ने घोषणा की है कि उन्होंने स्पेनिश पुरुष राष्ट्रीय टीम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, क्योंकि 2024 यूरो विजेताओं को बेहद उत्तेजक और अपमानजनक गाने गाते हुए देखा गया था। जिब्राल्टर एफए ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बयान में कहा कि जिब्राल्टर एफए ने स्पेनिश पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के यूरो 2024 जीतने के आसपास जश्न की बेहद उत्तेजक और अपमानजनक प्रकृति पर ध्यान दिया है।

एसोसिएशन आज सुबह यूरोपीय फुटबॉल के शासी निकाय, यूएफा के पास यूरो 2024 जीतने के बाद स्पेन की पुरुष राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों द्वारा जिब्राल्टर से संबंधित अस्वीकार्य नारे लगाने और गाना गाने को लेकर शिकायत दर्ज करने पर सलाह ले रहा है। फुटबॉल में इस प्रकृति के व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं है। यह घटना तब हुई जब यूएफा यूरो टूर्नामेंट के खिलाड़ी रोड्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। मैनचेस्टर सिटी का मिडफील्डर जिब्राल्टर स्पेनिश है गाते हुए मैड्रिड में भीड़ के साथ नारे लगा रहा था।

जिब्राल्टर स्पेन के दक्षिणी सिरे पर है जो 18वीं शताब्दी से ब्रिटिश शासन के अधीन है। नौ साल पहले स्पेनिश उत्तराधिकार के युद्ध के दौरान एंग्लो-डच सैनिकों द्वारा स्पेन से द्वीप छीन लेने के बाद, 1713 में यह ब्रिटिश प्रभुत्व बन गया। इसके लोगों ने 1967 में एक जनमत संग्रह में स्पेनिश संप्रभुता के खिलाफ और 2002 में स्पेन और ब्रिटेन के बीच साझा संप्रभुता के खिलाफ मतदान किया था।

# मैं पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहता हूं: किशोर जेना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, जो किसी भारतीय द्वारा दूसरे सबसे लंबे थ्रो के धारक हैं, का लक्ष्य पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक डेब्यू में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ हासिल करना है। जेना की कहानी अनोखी है। सीआईएसएफ में अपनी नौकरी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तीन साल तक खेल से दूर रहने के बाद, यह नीरज चोपड़ा की ओलंपिक सफलता थी जिसने उन्हें वापसी के लिए प्रेरित किया।

जेना ने जियोसिनेमा के द ड्रीमर्स पर कहा, भाला फेंक में मेरी यात्रा 2014-15 में शुरू हुई। 20 वर्षों से अधिक समय तक, भाला फेंक में हमारा राज्य रिकॉर्ड 65 मीटर था। फिर सितंबर 2017 में, मैंने 72.77 मीटर थ्रो के साथ 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। 2018 में, मुझे खेल कोटा के माध्यम से सीआईएसएफ में नौकरी मिली। 2018-2020 के बीच, मैंने अपनी नौकरी को प्राथमिकता दी और खेल खेलने के बजाय अपने परिवार की मदद करने पर ध्यान केंद्रित किया। टोक्यो 2020 में चोपड़ा की स्वर्ण पदक जीत के बाद महत्वपूर्ण मोड़ आया।

जब नीरज ने ओलंपिक में जीत हासिल की, तो हमने जश्न मनाया और उनकी जीत का आनंद लिया। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो, जीत ने मुझे निराश भी किया क्योंकि मैं भी वही खेल खेल रहा था। मुझे लगा कि मेरे लिए खेलों में कुछ हासिल करने का समय आ गया है। सीआईएसएफ में मेरे कोच ने सुझाव दिया कि अगर मैं 75 मीटर थ्रो में सफल हो जाऊं, तो वह मुझे राष्ट्रीय शिविर में पहुंचने में मदद करेंगे। मेरी कड़ी मेहनत और भावना ने मुझे 76.4 मीटर हासिल करने में मदद की, जिससे मुझे प्रवेश मिला। उनके भाला फेंक करियर को फिर से शुरू करना चुनौतियों से रहित नहीं था। विश्व चैंपियनशिप में मेरी रैंकिंग में गिरावट के बाद मैंने लेबनान राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया और 78 मीटर का थ्रो किया। अपना सब कुछ देने के बावजूद, मैं कुछ खास हासिल नहीं कर सका। मुझे संदेह होने लगा कि क्या सारी मेहनत सार्थक है। मैंने अपने पिता को फोन किया, जिन्होंने मुझे श्रीलंका में अगली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। श्रीलंका एक निर्णायक क्षण साबित हुआ। जेना के उल्लेखनीय 84.38 मीटर थ्रो ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया बल्कि 2022 एशियाई खेलों और 2023 विश्व चैंपियनशिप में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया, जिससे उन्हें पेरिस 2024 में स्थान मिला।

उन्होंने कहा,मैंने तय किया कि श्रीलंका में होने वाला कार्यक्रम मेरा आखिरी प्रयास होगा जिसके बाद मैं नौकरी छोड़ दूंगा और काम तथा परिवार को प्राथमिकता देने के लिए वापस चला जाऊंगा, भगवान की कृपा से, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, 84.38 मीटर का थ्रो किया जिसके कारण मुझे विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफिकेशन मिला, मैंने विश्व चैंपियनशिप में भी अच्छा प्रदर्शन किया और 84.77 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल की।

मैंने एशियाई खेलों में 87.54 मीटर के एक और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल किया। मैं अब पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। मैं काफी आश्वस्त हूं। हालांकि मैंने कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है, लेकिन मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ सुधारने का लक्ष्य बना रहा हूं। किशोर जेना की प्रभावशाली उपलब्धियों में 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक और 2023 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पांच में जगह बनाना शामिल है। अब वह पेरिस 2024 में भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं।

## श्रीलंका दौरे के लिए जल्द होगी भारतीय टीम की घोषणा, सूर्या हो सकते हैं टी20 कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम गंभीर का कार्यकाल टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे के साथ शुरू हो जाएगा। कोच की कमान संभालते ही गंभीर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा बुधवार को हो सकती है। सपोर्टिंग स्टाफ सहित टीम के कप्तान को लेकर गंभीर ने बीसीसीआई को कई सुझाव दिए हैं। टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया में बदलाव का दौर शुरू हो चुका है। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 5 मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराया। अब टीम का अगला मिशन श्रीलंका दौरा है, जहां तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के साथ बतौर मुख्य कोच गौतम गंभीर का कार्यकाल टीम इंडिया के साथ शुरू होगा। जानकारी के अनुसार, इस दौरे के लिए टी20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव को सौंपी जा सकती है।

टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद भारतीय टीम को नए कप्तान की तलाश है। हालांकि नए कप्तान की दावेदारी की रेस में हार्दिक ही सबसे आगे चल रहे हैं। सूर्यकुमार को नई जिम्मेदारी दिए जाने के पीछे हार्दिक की इंजरी की समस्या बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि, सूर्यकुमार पहले भी भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज और दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज में भी सूर्यकुमार के हाथ में ही भारतीय टीम का नेतृत्व था। वहीं घरेलू सर्किट में भी सूर्यकुमार मुंबई की कप्तानी कर चुके हैं। बुधवार को चयन समिति आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टीम का ऐलान कर सकती है।

26 जुलाई से शुरू होने वाले इस दौरे की शुरुआत तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ ही होनी है। तीन टी20 मैच पल्लेकेले और जबकि तीन वनडे मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। यह दौरा गौतम गंभीर के लिए भी बतौर भारतीय कोच पहला दौरा होगा। गंभीर को राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद हाल ही में टीम इंडिया का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

## न्यूजीलैंड ने घरेलू सीजन के शेड्यूल का किया ऐलान




**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2024-25 के घरेलू अंतरराष्ट्रीय समर शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम इस दौरान इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे बड़ी टीमों की मेजबानी करेगी। न्यूजीलैंड की ओर से जारी 2024-25 घरेलू सीजन के दौरान कुल मिलाकर न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 6 वनडे और 8 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत इस साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ पहले से घोषित आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला से होगी, जिसके बाद श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला होगी। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 28 नवंबर को क्राइस्टचर्च में शुरू होगी। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 28 दिसंबर से 11 जनवरी तक तीन टी20 और इतने ही वनडे श्रीलंका के साथ खेलेगी।

ब्लैककैप्स फरवरी में मेजबान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के लिए पाकिस्तान जाएगी, उसके बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान शुरू करेगी। इसके बाद 16 मार्च से 5 अप्रैल तक पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे के लिए स्वदेश लौटेगी।

न्यूजीलैंड की महिला टीम 19 से 23 दिसंबर तक सेलो बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी और बाद में 4 से 18 मार्च तक श्रीलंका के मल्टी-फॉर्मेट दौरे की मेजबानी करेगी, जो 21-26 मार्च को नंबर 1 रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से ठीक पहले होगी।

पेरिस ओलंपिकः

## टोक्यो में मिली निराशा, मानसिक द्वंद से पार पाकर किया प्रवेश, ऐसा रहा अंजुम मोदगिल का सफर

नई दिल्ली, एजेंसी। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों का सफर अच्छा नहीं रहा था और उसे अंजुम मोदगिल भी शामिल थीं। अंजुम पिछले साल एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना सकी थीं। इससे वह काफी निराश हो गई थीं, लेकिन उन्होंने मानसिक द्वंद से पार पाकर पेरिस खेलों में प्रवेश किया। मोदगिल ने स्वीकार किया कि विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में



नहीं चुने जाने के बाद उनकी आंखें खुल गईं। इसके बाद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता और अभ्यास पर ध्यान दिया। मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के महत्व को समझते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने एक हेल्पलाइन शुरू की है जो ओलंपिक के दौरान सभी खिलाड़ियों को मानसिक स्वास्थ्य को लेकर परामर्श देगी।

## सर्जरी के बाद मैदान पर लौटे मोहम्मद शमी, नेट्स पर शुरू की गेंदबाजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी नेट्स पर गेंदबाजी करने के लिए वापस आ गए हैं, जो प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शमी 2023 वनडे विश्व कप के बाद से चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें दाएं एड़ी की चोट के कारण बाहर रखा गया था जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी और तब से वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सावधानीपूर्वक निगरानी में हैं। 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इस साल की शुरुआत में अपने अकिलीज टेंडन का ऑपरेशन करवाया था जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, इंडियन प्रीमियर लीग 2024 और टी20 विश्व कप से चूक गए थे।

इन असफलताओं के बावजूद शमी अब अपनी वापसी की तैयारी कर रहे हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह ट्रेनिंग नेट्स में सावधानी से गेंदबाजी कर रहे हैं। हालांकि वह टखने की चोट से उबर चुके हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक पूरी तीव्रता से गेंदबाजी शुरू नहीं की है। शमी अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मेडिकल क्लीयरेंस लेने के लिए काम कर रहे हैं क्योंकि उनका लक्ष्य प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करना है। शमी ने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, नवीनतम के साथ तालमेल बिठाना, महानतम के लिए मेहनत करना। शमी 2023 वनडे विश्व कप में भारत के स्टैंडआउट गेंदबाज थे जिन्होंने 7 मैचों में 10.70 की औसत से 24 विकेट लिए।

टखने की चोट के बावजूद उन्होंने भारत द्वारा आयोजित आईसीसी इवेंट के दौरान भारत के प्रभावशाली प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि जनवरी में इंग्लैंड सीरीज से पहले शमी के टखने में अकड़न का अनुभव हुआ और वह समय पर ठीक नहीं हो पाए। टखने के दर्द के कारण शमी ने दक्षिण अफ्रीका सीरीज से नाम वापस ले लिया। हालांकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने सुनिश्चित किया कि शमी की कमी टी20 विश्व कप 2024 के दौरान ज्यादा महसूस न हो। बुमराह और अर्शदीप ने सामूहिक रूप से टूर्नामेंट में 32 विकेट लिए जिससे भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी हासिल की। हार्दिक पांड्या ने भी गेंद से महत्वपूर्ण योगदान दिया शमी के पेस अटैक से अनुपस्थित रहने के बावजूद भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।



## चोट के कारण मेसी अनिश्चित काल के लिए मैदान से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी कोपा अमेरिका के फाइनल में चोटिल होकर बाहर चले गए थे। लेकिन अर्जेंटीना ने उनके बिना भी एक रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की।

खास बात ये है कि मेसी सही से चल भी नहीं पा रहे थे लेकिन इसके बावजूद वो बेंच से उठकर गए और टीम के साथ जीत का जश्न मनाया। हालांकि, मेसी की चोट को लेकर उनके फैंस काफी परेशान हैं। उनके दाहिने टखने में बहुत अधिक सूजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय है। इस बीच मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि उनके कप्तान को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। उनकी वापसी की कोई तय तारीख नहीं होगी। लेकिन आने वाले कुछ हफ्तों में इस पर चीजें साफ होंगी। इंटर मियामी के बयान में कहा गया, मेडिकल जांच के बाद, यह निर्धारित किया गया है कि लियोनेल मेसी को दाहिने टखने के लिगामेंट में चोट लगी है। कप्तान की उपलब्धता समय-समय पर किए जाने वाले आकलन और उनकी रिकवरी की प्रगति के आधार पर निर्धारित की जाएगी। मियामी के कोच मार्टिनो ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, मेसी की काफी चोट लगी है, उनका टखना मुड़ गया था। इसलिए जांच की आवश्यकता है और रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी होगी। स्थिति की गंभीरता का पता लगाने के लिए परीक्षण किए जाएंगे।

एशियाई पैरालंपिक समिति का बड़ा फैसला

# दीपा मलिक को दक्षिण एशिया के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया। दीपा तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है।

### दीपा मलिक ने जताई खुशी

दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने के लिए प्रयास करने होंगे। दीपा ने कहा, दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है।



# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरूवार 18 जुलाई 2024




**रीवा में तेंदुए की दहशत, दिन ढलते ही बंद हो रहे दरवाजे। बच्चों का स्कूल और किसानों का खेत जाना बंद, तीन मवेशियों का किया शिकार।**



# निगम अध्यक्ष और आयुक्त ने लिया निर्माण कार्यो का जायजा



**रीवा।** नगर निगम स्पीकर श्री व्यंकटेश पाण्डेय एवं निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के द्वारा दिनांक 17.07.2024 को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रगतिरत निर्माण कार्यों और जल प्रदाय से संबंधित स्थिति का निरीक्षण कर विभिन्न दिशा निर्देश अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए गए। भ्रमण के दौरान उन्होने वार्ड 08 में प्रस्तावित बाणसागर ओव्हर हेड टैंक निर्माण अतिशीघ्र कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही श्रवण कुमारी ओएचटी का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने वार्ड 10 में चल रहे नाली निर्माण कार्यो की स्थिति का जायजा लिया गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही पेमेंट कटौती के निर्देश दिए गये। निगमायुक्त ने आगामी जल आपूर्ति योजनाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि जल आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए तेजी से काम किया जाए और इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। निगमायुक्त द्वारा मुख्य रुप से समुचित जल आपूर्ति की व्यवस्था हेतु अनंतपुर स्थित ओवरहेड टैंक का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कुठुलिया, एग्रीकल्चर कालेज, विवेकानंद और बिछिया एसटीपी का निरीक्षण किया। भविष्य में जल के बढ़ते उपयोग पर नजर रखते हुए तीसरे स्तर तक ट्रीटमेंट की योजना भी बनाने की बात कही। उन्होंने वहां पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से त्वरित गति से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि एसटीपी का संचालन समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए ताकि शहर में जल प्रबंधन में कोई समस्या न आए। साथ ही राजस्व मुद्दों से जुड़े अजगरहा साइट का दौरा करते हुए, निगमायुक्त ने वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने भूमि विवादों को सुलझाने के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित सेल गठित कर सुधार न्यास से लेकर अब तक के संपत्ति का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 45 कायाकल्प रोड़ के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। साथ ही भ्रमण के दौरान जोन क्र. 03 अंतर्गत बाणसागर मोड़ में अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने की कार्रवाई के साथ चलानी कार्यवाही के भी निर्देश दिए। उक्त भ्रमण के दौरान पूर्व पार्षद श्री सतीश सिंह, कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, श्री एसएल दहायत सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविंद चतुर्वेदी, सीएमआर कम्पनी प्रोजेक्ट हेड श्री योगेन्द चौकसे, उपयंत्री श्री मनोज सिंह, श्री अशुतोष पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए जनपद पंचायत सिरमौर में रोजगार मेले का आयोजन आज

**रीवा।** एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत सिरमौर में 18 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में 19 वर्ष से 40 वर्ष आयु के 10वीं कक्षा पास/फेल 167.5 सेंटीमीटर ऊंचाई के युवा शामिल हो सकते हैं। संस्था द्वारा 350 रूपये पंजीयन शुल्क जमा करने तथा चयनित होने के पश्चात प्रशिक्षण का व्यय 10 हजार रूपये प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली पर स्वयं करना होगा।

# दस्तक अभियान में लगाये जा रहे हैं शिविर

रीवा

जिले भर में 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पाँच साल तक की आयु के बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच कर रही हैं। जाँच के दौरान डायरिया, निमोनिया, एनीमिया से पीड़ित, जन्मजात विकृति एवं कम पोषित बच्चों का चिन्हांकन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण और विटामिन ए का घोल पिलाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के दौरान चिन्हित बच्चों के उपचार के लिए सभी विकासखण्डों में दो-दो स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इन शिविरों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शिविरों में पर्याप्त दवाओं के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों के दल तैनात करें।

आज 18 जुलाई को हनुमना विकासखण्ड के पीएचसी पिपराही, जवा में पीएचसी डभौरा, सिरमौर में सीएचसी सेमरिया त्योंथर में सीएचसी चाकघाट, गंगेव में पीएचसी लालगांव तथा सीएससी गोविंदगढ़ में शिविर लगेंगे। इन शिविरों में शिशु रोग विशेषज्ञ, आरबीएसके की टीम तथा अन्य तकनीशियन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आज त्योंथर एवं मनगवां में समीक्षा बैठक का आयोजन

रीवा

प्रदेश में 16 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व प्रकरणों में सुधार, नक्शा तरमीम, पीएम किसान, समग्र का आधार से लिंकिंग तथा फार्मर रजिस्ट्री आदि का निराकरण किया जायेगा। राजस्व महाअभियान के संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आज 18 जुलाई को त्योंथर एवं मनगवां में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है। त्योंथर के अक्षत मैरिज गार्डन में प्रातः 11 बजे से जवा एवं त्योंथर तहसील के राजस्व अधिकारियों तथा शासकीय महाविद्यालय मनगवां में अपरान्ह 3 बजे से मनगवां एवं रायपुर कर्चुलियान के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है। इसी प्रकार 19 जुलाई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से गुढ़ एवं रीवा तहसील के राजस्व अधिकारियों तथा अपरान्ह 3 बजे से सेमरिया एवं सिरमौर के राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में अभियान की समीक्षा की जायेगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने उक्त बैठकों में सभी संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

## आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आज

**रीवा।** कृषि विभाग के तहत संचालित आत्मा परियोजना की गवर्निंग बोर्ड की बैठक 18 जुलाई को सुबह 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक में आत्मा परियोजना के तहत किए गए कार्यों तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए विकासखण्डवार निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की जाएगी। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने गवर्निंग बोर्ड के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा उत्सव के होंगे कार्यक्रम

**रीवा।** प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 20 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 20 जुलाई को प्रार्थना सभा के बाद प्रार्थना स्थल में शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के विषय में बताया जायेगा। प्राचीनकाल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी विद्यालयों में आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 21 जुलाई को विद्यालयों में वीणा वादिनी माँ सरस्वती वंदना, गुरू वंदना, दीप प्रज्जवलन एवं माल्यापर्ण के उपरांत गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विद्यालयों में आयोजित किये जाने वाले गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में 21 जुलाई को यथासंभव साधु संतो, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, पूर्व छात्रों एवं आमजनों को भी आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## सिरमौर चौराहा में संचालित अवैध सोनोग्राफी सेंटर पर कार्रवाई, लिंग परीक्षण का खेल हुआ उजागर



**रीवा।** रीवा शहर के सिरमौर चौराहे पर सोमवार को पुलिस और प्रशासनिक टीम ने मिलकर एक अवैध रूप से संचालित सोनोग्राफी सेंटर पर छापा मारा। यह सेंटर लम्बे समय से गैरकानूनी रूप से भ्रूण परीक्षण कर रहा था। इस छापेमारी में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है।

रीवा के सिरमौर चौराहे पर अंगूरी बिल्डिंग के पास एक किराए के मकान में अवैध रूप से सोनोग्राफी सेंटर चल रहा था। जिला प्रशासन और पुलिस को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने मिलकर इस सेंटर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से सोनोग्राफी मशीन, रजिस्टर और अन्य दस्तावेज बरामद किए। साथ ही, चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया, जिनमें पंकज सिंह, दीपक तांबेकर, कृष्ण कुमार और सुखेंद्र साकेत शामिल हैं। इन आरोपियों पर गैरकानूनी रूप से सोनोग्राफी करने और लिंग परीक्षण करने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में एक मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। उसकी तलाश जारी है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत त्योंथर विधायक ने किया वृक्षारोपण



**रीवा।** त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा क्रिस्टल डयू कालोनी गोडहर (रेलवे स्टेशन) में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल एक पेड़ मां के नाम चल रहें अभियान के तहत रीवा में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा क्रिस्टल डयू कालोनी गोडहर (रेलवे स्टेशन) में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव लगातार एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे है. इस अभियान को सफल बनाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम होना बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष रामरसिक पांडे पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ समाज सेवी नागेंद्र पांडे, नरेंद्र पांडे सहित कई समाजसेवी इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

# 18 जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट

## ग्वालियर-जबलपुर में गरज-चमक, अब तक 10.6 इंच बारिश

रीवा

मानसून ट्रफ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और लो प्रेशर एरिया के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में तेज बारिश हो रही है। कई जिलों में इतनी तेज बारिश हो रही है कि सड़कें तालाब बन गई हैं। नर्मदा समेत अन्य नदियां भी उफान पर आ रही हैं। मौसम विभाग ने आज बुधवार को राज्य के 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, देवास, खरगोन, खंडवा, छिंदवाड़ा, कटनी, भोपाल, आगर-मालवा, राजगढ़, झाबुआ, बड़वानी, इंदौर, रायसेन, पांढुर्णा और डिंडोरी में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में अब तक 10.6 इंच बारिश हो चुकी है, जो कि सामान्य से 0.4 इंच कम है।

पूर्वी हिस्से में अब तक 15त्न कम बारिश हुई है, जबकि पश्चिमी हिस्से में 7% अधिक बारिश हुई है।

लगातार बारिश होने से प्रदेश के बड़े डैम और तालाब में भी पानी बढ़ रहा है। भोपाल की लाइफ लाइन बड़ा तालाब 1659.50 फीट पानी भर गया है। शाजापुर के कालापीपल और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश हुई। इससे नदी-नालों में बाढ़ आ गई। 2 नालों के बीच एक स्कूल बस फंस गई थी। कालापीपल-अरनिया कला रोड पर आवागमन बंद होने से कई गांवों का संपर्क टूट गया।

## संभागीय पेंशन कार्यालय में निजी वाहन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**रीवा।** संभागीय पेंशन कार्यालय में कार्यालयीन उपयोग के लिए निजी वाहन किराये पर लिये जाने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। संभागीय पेंशन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 18 जुलाई से 25 जुलाई के बीच फार्म लेकर 29 जुलाई से 31 जुलाई तक फार्म जमा कर सकते हैं। प्रस्ताव के लिए निविदा एक अगस्त को खोली जायेगी।

## किशोर का शव मिला, परिजन ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ढूंढ़ रही सुराग

**रीवा।** एमपी के रीवा में किशोर के शव मिलने के बाद पुलिस मौत का कारण खोज रही है। परिवार वालों का कहना है कि किसी ने दुश्मनी के चलते अंजाम दिया है। वहीं रीवा एएसपी विवेक कुमार लाल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। कहा कि जल्द आरोपित जेल में नजर आएगा। रीवा के जवा में मंगलवार को एक किशोर का शव घर से कुछ ही दूरी पर मिला है। मामला जवा के नष्टिगवां गांव का है। स्वजन ने हत्या की आशंका जताई है। बताया गया है कि रामबाबू गुप्ता का 15 वर्षीय पुत्र आदित्य गुप्ता को गला दबाकर जान से मार दिया गया है। स्वजनों ने संदेहियों के नाम पुलिस को बताए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक का सूचना मिलते ही रीवा एएसपी विवेक कुमार लाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

परिवार वालों के बयान लिए जा गए हैं। कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। हत्या का मामला दर्ज किया गया है। हम जल्द ही आरोपी की पहचान कर लेंगे।

**विवेक कुमार लाल,**
**एएसपी रीवा**

किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिवार वाले हत्?या करने की आशंका जता रहे हैं। परिवार मूल रूप से सतना जिले के मझिगवा गांव का रहने वाला था। कुछ महीनों से मकान बना कर नष्टिगवां में रह रहे हैं। नष्टिगवां गांव में किशोर अपनी मां के साथ रहता था।

## सेल्फी ले रहा युवक चचाई वाटरफॉल में गिरा, 13 दिन पहले भी हुआ था हादसा

**रीवा।** एमपी के रीवा में 13 दिन बाद फिर वहीं घटना हुई। सेल्फी के चक्कर में एक युवक चचाई वाटरफॉल में गिर गया। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान युवक डूबने से बाल-बाल बचा। घटना होने के बाद जिला प्रशासन अभी और हादसों का इंतजार कर रहा है।

उत्तर प्रदेश से 12 पर्यटक चचाई वाटरफॉल घूमने आए। उन्हीं में से 30 वर्ष के सचिन सिंह ने किसी की नहीं मानी और सेल्फी लेने के लिए पानी के पास गया, सेल?फी लेते समय स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख सका और हादसे का शिकार हो गया, फोटो लेते समय दौरान अचानक चचाई वाटरफॉल में गिर गया।

# सैनिक स्कूल में आयोजित किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवम फॉरेस्ट विभाग रीवा के सक्रिय सहयोग द्वारा आज सैनिक स्कूल में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम किए गए। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण और सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, दैवी बहन श्रीमती नेहा रावल सैनिक स्कूल प्रथम महिला। ब्रह्माकुमारीज रीवा संभाग की निर्देशिका राजयोगिनी बीके निर्मला वरिष्ठ राजयोगी बीके प्रकाश भाई, बीके नम्रता बहन ,सैनिक स्कूल रीवा के प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष वा पूर्व रायपुर जनपद अध्यक्ष श्री लाल बहादुर सिंह पूर्व मध्यांचल ग्रामीण बैंक की बैंक मैनेजर शिखा चिकटे एडवोकेट सुरेश ,अमोद शर्मा शिक्षक, डॉ राकेश, समर शिक्षक, पी के पोलाई क्वार्टर मास्टर, रजनीश यादव, जेई, सुधान जेई और ऑल स्टूडेंट ग्राउंड स्टाफ सपोर्टिंग। बीके मीनाक्षी बीके ,ज्योति बीके मानसी बीके सुभाष,जगदीश बीके महेश आदि

कर्नल अविनाश रावल सैनिक स्कूल प्राचार्य ने कहा की जैसा की आज हम सभी वृक्षारोपण मना रहे हैं। तो एक पेड़ मां के, पिता के और शिक्षक के नाम इस भाव से जब हम पेड़ लगाएंगे तो निश्चित ही उस पेड़ की परवरिश होगी। और वह पेड़ विकास का रूप धारण करेगा।

राजयोगीनी बीके निर्मला दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक पेड़ एक बच्चा के समान है और उसकी पालना करने वाला माता और पिता के समान है। जब इस भाव से हम उसे बच्चे रूपी पेड़ को लगाते हैं, उसकी देखभाल करते हैं उसकी पूरी परवरिश करते हैं। तो निश्चित ही हम अपना कर्तव्य पूरा करते हैं। सैनिक स्कूल के बच्चों का बड़ा सौभाग्य है उनके प्रिंसिपल जी और उन्हें माता-पिता समान मिले हैं उनके अंदर इतने अच्छे देवी गुण हैं की हर एक बच्चे में अपने बच्चे का रूप देखते हैं, प्यार से उनकी परवरिश करते हैं यह हमारे रीवा के सैनिक स्कूल के लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है।

बीके प्रकाश भाई ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण तथा नशा मुक्ति की सभी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी संस्थान के साधन उपस्थित रहे। आज के दिन सभी ने यह संकल्प लिया कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर पूरे धरती को हरा भरा करेंगे और भारत को फिर से स्वर्णिम भारत बनाएंगे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833